दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 26 अप्रैल -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 196 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# लोकसभा चुनाव : 13 राज्यों की 88 सीटों का आज होगा दूसरे चरण का मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर आज मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 28 में से 14, राजस्थान में 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में आठ-आठ, मध्य प्रदेश में सात, असम और बिहार में पांच-पांच, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में तीन-तीन और त्रिपुरा व जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## दूसरा चरण : उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर वोटिंग आज

**मतदान के लिए 17704 पोलिंग बूथ बनाए गए**

### अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीट के 1.67 करोड़ मतदाता 91 उम्मीदवारों के भाग्य का करेंगे फैसला

**मतदान के लिए 7797 मतदान केंद्र बनाए गए**

**गाजियाबाद।** लोकसभा के चुनाव में दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीट के 1.67 करोड़ मतदाता 91 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे, जिसमें 10 महिला प्रत्याशी हैं। गौतम बुद्ध नगर व मथुरा सीट पर सर्वाधिक 15-15 और बुलंदशहर में सबसे कम छह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

पिछले चुनाव में इन आठ सीटों में से सात भाजपा और एक बसपा की झोली में गई थीं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में बाहर निकलकर मतदान की अपील की है। वेबकास्टिंग से भी होगी निगरानी मतदान पर नजर रखने के लिए आयोग ने तीन विशेष प्रेक्षक, आठ सामान्य, पांच पुलिस प्रेक्षक व 12 व्यय प्रेक्षक तैनात किए हैं। इसके अलावा 1451 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 190 जोनल मजिस्ट्रेट, 222 स्टैटिक मजिस्ट्रेट और 1599 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं। 8852 पोलिंग बूथ (50 प्रतिशत) पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। जिसकी निगरानी जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर की जाएगी। इसके अलावा 967 मतदेय स्थलों


# गाजियाबाद के 29,41,624 मतदाता तय करेंगे उम्मीदवारों का भविष्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज 26 अप्रैल है और लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का मतदान होना है। गाजियाबाद के 29 लाख, 41 हजार, 624 मतदाता आज अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए गाजियाबाद के लोकसभा सांसद को चुनने के लिए वोट डालेंगे। निर्वाचन आयोग भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर सुबह 7 से गाजियाबाद के 841 मतदान केंद्रों पर शाम 6 बजे तक ईवीएम के जरिए मतदान किया जाएगा। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में कुल 3197 ऐसे मतदेय स्थल हैं, जहां मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में आहुति देने का काम करेंगे। गुरुवार को लोनी के टीला शाहबाजपुर गांव के दिल्ली पब्लिक स्कूल के मैदान से लोनी विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टी रवाना की गई हैं। तो वहीं रामलीला मैदान कवि नगर से मुरादनगर और मोदीनगर विधानसभा की टीमों को रवाना किया गया। वहीं कमला नेहरू नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय के मैदान से साहिबाबाद, गाजियाबाद और धौलाना आंशिक की सैकड़ो पोलिंग पार्टी यहां से रवाना हुई। सुबह 8 बजे से ही यहां चुनावी ड्यूटी में शामिल होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को ईवीएम मशीन और अन्य सामग्री प्रदान की गई । जिसके बाद अलग-अलग वाहनों में पोलिंग पार्टियों अपने-अपने इलाके के लिए रवाना हुई।



## सुबह 7 से लेकर शाम 6 बजे तक होगा मतदान

### 16 लाख से अधिक पुरुष और 13 लाख से अधिक महिलाएं हैं मतदाता



**करंट क्राइम :** गाजियाबाद लोकसभा सीट पर 16 लाख, 21 हजार, 343 पुरुष मतदाता हैं। तो वही महिला मतदाताओं की संख्या 13 लाख, 20 हजार ,104 बताई गई है। वही 177 ट्रांसजेंडर भी हैं जो मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



### डीएम और पुलिस कमिश्नर इंग्राहम में डालेंगे वोट



**करंट क्राइम :** जिलाधिकारी-मुख्य निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह सुबह 7 से 7 :30 बजे के बीच इंग्राहम इंटर कॉलेज में मतदान करेंगे। तो वहीं पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र भी इसी बूथ पर मतदान करने के लिए पहुंचेंगे। दोनों अधिकारियों ने गाजियाबाद की जनता से अपील की है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने अमूल्य वोट को जरूर डालें। आपके एक वोट से देश के भविष्य का निर्माण होता है।

### क्या 2019 के लोकसभा चुनाव का 55.86 प्रतिशत का आंकड़ा भेद पाएगी इस बार जिला निर्वाचन की टीम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शुक्रवार को गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मतदान का समय रखा गया है। शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान पर सबकी नजरें, इस बार यहां के पोलिंग परसेंटेज पर रहने वाली हैं। गाजियाबाद के पोलिंग परसेंटेज को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने चुनाव आयोग के निर्देश पर कई तरीके के प्रयास और प्रचार किए हैं। सबकी कोशिश है कि इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़े। बीते दिनों विभिन्न सोसाइटियों में 55 पोलिंग बूथ बनाने का काम किया गया। तो वहीं बुजुर्गों को घर बैठे बैलट के जरिए मतदान कराने की सुविधा दी गई। इसी के साथ

**वर्ष 2014 में हुई थी 56.96 प्रतिशत पोलिंग**



प्रशासन की ओर से स्वीप अभियान की ओर से भी अलग-अलग स्कूलों, कॉलेजों, सोसायटियों, मॉल, पार्कों, बाजारों और सोशल मीडिया के माध्यम से कई जागरूकता वाले कार्यक्रम और वॉकउथान जैसे अवेयरनेस कैंप भी चलाए गए थे। अब देखना होगा कि शुक्रवार को मतदान का प्रतिशत क्या रहता है। बता दें कि साल 2014 में गाजियाबाद लोकसभा सीट का मतदान प्रतिशत 56.96 था। तो वही यह साल 2019 में घटकर 55.86 जा पहुंचा था। अब देखना होगा कि गाजियाबाद की प्रशासनिक मशीनरी और अलग-अलग माध्यमों से मतदान बढ़ाने की जो प्रयास किए गए हैं वह कितने कारगर साबित होते हैं। अगर गाजियाबाद का मतदान प्रतिशत बढ़ता है, तो यह अधिकारियों के लिए एक सुखद खबर रहेगी। हालांकि वीकेंड हॉलिडे और भीषण गर्मी के बाद परिणाम क्या रहते हैं, यह मतदान का प्रतिशत ही साबित करेगा।

### जनप्रतिनिधि करेंगे, इन स्थानों पर मतदान



**केंद्रीय मंत्री : जनरल वीके सिंह**
सुबह 9 बजे राजनगर स्थित शिलर इंस्टीट्यूट में मतदान करेंगे।

----

**कैबिनेट मंत्री : सुनील शर्मा**
सुबह 9 बजे मोहन मिकिंस सोसायटी वसुंधरा सेक्टर-05।



---



**राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार : नरेंद्र कश्यप**
सुबह करीब 8 :30 बजे सेक्टर-23 स्थित भागीरथ पब्लिक स्कूल।

----

**महापौर : सुनीता दयाल**
सुबह 9 :15 बजे गाजियाबाद पब्लिक स्कूल नेहरू नगर।



**विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी : अतुल गर्ग।**
सुबह 7 बजे जैनमती स्कूल कवि नगर।



**विधायक : अजीत पाल त्यागी**
सुबह 9 :15 बजे लोहिया नगर में।





**सांसद राज्यसभा : अनिल अग्रवाल।**
सुबह 10 :30 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल कवि नगर।

**विधायक : नंदकिशोर गुर्जर।**
सुबह 9 बजे गांव गलौनी सरकारी स्कूल में।





**एमएलसी : दिनेश गोयल।**
10 :30 बजे जैनमति स्कूल कवि नगर।

### 24 घंटे काम करेगा शिकायत व सुझाव कक्ष : जिला निर्वाचन अधिकारी

गाजियाबाद, करंट क्राइम : शुक्रवार को लोकसभा का चुनाव है और लोकसभा के चुनाव में मतदाता 24 घंटे अपनी शिकायत व सुझाव दे सकते हैं। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जिनका टेलीफोन नंबर 0120-2822980, 81, 82, 83, 0120-2827016, 0120-2989638 39, 41, 42, 43 और 44 है। इसके साथ ही कोई भी मतदाता या चुनाव की गड़बड़ी की सूचना टोल फ्री नंबर-1950 पर दे सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शिकायत दर्ज कराने के लिए सीविजिल ऐप भी बनाया गया है। इसके माध्यम से भी कोई भी ऐप पर सूचना एवं जानकारी भेज सकता है। मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम काम करेगा और शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।



### पोलिंग पार्टियों हुई बूथों पर मुस्तैद, अर्ध सैनिक बलों ने संभाली सुरक्षा की कमान, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने की पोलिंग बूथ की जांच

गाजियाबादद्व करंट क्राइम : आज लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। जिसमें गाजियाबाद की लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और धौलाना आंशिक विधानसभा क्षेत्र के कुल 841 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। गाजियाबाद में कुल 439 क्रिटिकल मतदेय स्थल हैं जबकि वल्नरेबल मतदेय स्थल की संख्या 71 है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को 27 जोनल मजिस्ट्रेट और 194 सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी निगरानी में रखेंगे। इसके साथ ही बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, सीआरपीएफ के साथ ही पंजाब पुलिस और मणिपुर की स्पेशल फोर्स के साथ गाजियाबाद पुलिस के पुलिसकर्मी लगभग 16000 से अधिक पुलिसकर्मी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे।



### पोलिंग बूथ पर सुरक्षा बलों ने संभाल मोर्चा



करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए गाजियाबाद कमिश्नरेट के अंतर्गत बड़ी संख्या में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की तैनाती की गई है। आधुनिक हथियारों से लैस यह जवान अलग-अलग पोलिंग बूथ पर अपनी पोजीशन ले चुके हैं। इसके साथ ही सुबह 7 से लेकर 6 तक चलने वाले मतदान के कार्यक्रम पर भी इनकी पैनी नजर और सुरक्षा का जिम्मा रहेगा। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने कहा है की सुरक्षा व्यवस्था के चुनाव के मद्दे नजर व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।

## आज रहेगी लोकसभा चुनाव के इन प्रमुख उम्मीदवारों पर नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज दूसरे चरण का मतदान होना है। आज उस लोकसभा में भी मतदान होना है जिसमें देश की सबसे बड़ी विधानसभा आती है। आज उस लोकसभा में मतदान होना है जहां भाजपा ने विधानसभा के विधायक को लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। आज उस लोकसभा में मतदान होना है जहां कांग्रेस ने टिकट रिपीट किया है। जिस चेहरे को वर्ष 2019 में उम्मीदवार बनाया था उसी चेहरे को 2024 में चुनाव में लाये हैं। आज उस लोकसभा में चुनाव हो रहा है जहां बसपा ने पहले लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया फिर उसे बदल दिया। उनका पहला घोषित



**अतुल गर्ग-डॉली शर्मा और नन्द किशोर पुंडीर के बीच माना जा रहा है मुकाबला**

उम्मीदवार खीरी में चुनाव लड़ने चला गया और यहां बसपा ने मुजफफजर नगर के ठाकुर नन्द किशोर पुंडीर को उम्मीदवार बनाया। तीनों ही उम्मीदवारों ने अपने लोकसभा क्षेत्र में जमकर मेहनत की है। सभी की अपनी अपनी रणनीति रही है और सभी के अपने अपने जीत के दावे हैं। बहरहाल आज जब मतदान होगा तो कांग्रेस की डॉली शर्मा भाजपा के अतुल गर्ग और बसपा के नन्द किशोर पुंडीर पर सभी की निगाहें रहेंगी। अगर आम जनता की चर्चा पर ध्यान दें तो यह कहा जा सकता है कि गाजियाबाद लोकसभा में इन तीनों उम्मीदवारों की बीच ही प्रमुख मुकाबला रहेगा। सभी की नजरे भी इन्हीं उम्मीदवारों पर रहेंगी। सभी ने अपने अपने नारों से अपने अपने वायदों से प्रभावित किया है और अब मतदाता पर इनकी अपील पर कितना असर हुआ है ये आज ईवीएम में कैद हो जायेगा। लोकतंत्र के महापर्व के ये तीनों खिलाड़ी आज अपनी चुनावी ताकत को आजमायेंगे।

### डॉली शर्मा ने लिखा चुनाव आयोग को पत्र, जताई चुनावी धांधली की आशंका

गाजियाबाद, करंट क्राइम : इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा ने केंद्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में चुनावी धांधली की आशंका जताई है। साथ ही शिकायती पत्र की एक प्रतिलिपि जिला निर्वाचन अधिकारी गाजियाबाद को भी भेजी है। डॉली शर्मा ने जो चुनाव आयोग को पत्र लिखा है, उसमें उसका आरोप है कि लोकसभा-12 क्षेत्र में भाजपा के लोग स्थानीय प्रशासन से सांठगांठ करके इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के रूप में उनका बस्ता विभिन्न मतदाता केंद्रों पर नहीं लगने देंगे और कार्यकर्ताओं पर डरा धमका कर गुंडागर्दी की जा सकती है। उन्होंने आगे लिखा है कि प्रशासनिक लापरवाही की जानकारी कार्यकर्ता निरंतर दे रहे हैं। इसलिए यह पत्र लिखकर उन्होंने चुनाव आयोग को सूचित करने का काम किया है ताकि उनका मतदान निर्बाध हो सके।



**कांग्रेस प्रत्याशी आज सुबह नौ बजे प्रहलादगढ़ी प्राथमिक स्कूल वसुंधरा में डालेंगी वोट**

## वोटर्स के लिए सजाए गए पिंक और मॉडल बूथ

### नगर आयुक्त ने 3200 बूथों की तैयारी का लिया जायजा





गाजियाबाद, करंट क्राइम : गाजियाबाद में लगभग 3200 बूथों पर मतदान की व्यवस्था की गई है। जिसकी तैयारियों का नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जायजा लिया। उन्होंने पोलिंग के समय पर सभी विभागीय अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। साथ ही पिंक बूथ और मॉडल बूथ को सुसज्जित भी करवाने का काम किया है। गाजियाबाद में कुल 841 मतदान केंद्र हैं। जिसमें से 408 मतदान केंद्र नगर निगम के क्षेत्र में आते हैं। यहां लोगों के बैठने की सुविधा के लिए टेंट और 9000 से ज्यादा गद्दों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष तैयारी की गई है ताकि मतदाताओं को परेशान ना होना पड़े।

#### यहां बनाए गए हैं दिव्यांग बूथ

करंट क्राइम : साहिबाबाद विधानसभा के अंतर्गत कैंब्रिज स्कूल शक्ति खंड-1 इंदिरापुरम पश्चिम विंग कक्ष संख्या एक। मोदीनगर विधानसभा के अंतर्गत आदर्श कन्या इंटर कॉलेज दक्षिण भवन गोविंदपुरी। मुरादनगर विधानसभा में गाजियाबाद पब्लिक स्कूल नेहरू नगर ईस्ट विंग। गाजियाबाद विधानसभा के अंतर्गत चौधरी छबील दास स्कूल पटेल नगर विंग कक्ष संख्या तीन में दिव्यांग बूथ बनाए गए हैं।

#### यहां बनाए गए हैं पिंक बूथ

करंट क्राइम : साहिबाबाद विधानसभा के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल शक्ति खंड-04 इंदिरापुरम पूर्व विंग कक्ष संख्या एक, विधानसभा मुरादनगर के अंदर ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल संजय नगर, विधानसभा गाजियाबाद के अंतर्गत ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय हापुड़ मोड़ कक्ष संख्या एक में पिंक बूथ बनाया गया है।-

#### युवा यूथ बूथ पर किए आमंत्रित

करंट क्राइम : युवाओं के लिए साहिबाबाद विधानसभा अंतर्गत जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल राजनगर एक्सटेंशन उत्तरी विंग कक्ष संख्या चार, मुरादनगर विधानसभा अंतर्गत सिटी अपार्टमेंट क्लब हाउस आदित्य वर्ल्ड सिटी शाहपुर बम्हैटा। गाजियाबाद विधानसभा अंतर्गत गोल्डन पब्लिक स्कूल सेक्टर-11 प्रताप विहार कक्ष दो में बूथ बनाए गए हैं ।

#### मॉडल बूथ भी करेंगे मतदाताओं को आकर्षित

करंट क्राइम : इसी प्रकार मॉडल बूथ के रूप में साहिबाबाद विधानसभा अंतर्गत खेतान पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर पश्चिम विंग कक्ष संख्या एक, मुरादनगर विधानसभा अंतर्गत शिलरा इंस्टीट्यूट राज नगर, गाजियाबाद विधानसभा अंतर्गत मेंटेनेंस ऑफिस महागुन मस्कट क्रॉसिंग रिपब्लिक में सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित ढंग से यूथ बूथ बनाया गया है।

### पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना, महिला कर्मचारियों के दिखे कई अंदाज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मतदान के लिए गुरुवार को पोलिंग पार्टियों कवि नगर, कमला नेहरू नगर और लोनी से रवाना हुई हैं। गर्मी से बचने के लिए जहां महिला पुलिसकर्मी और महिला पोलिंग अधिकारी काले चश्मे में नजर आई, तो उन्होंने धूप से बचने के लिए दुपट्टे और छाते का भी इस्तेमाल किया। इस दौरान सुबह से ही पोलिंग पार्टी रवाना होने वाले स्थलों पर भीड़ देखी गई। यहां बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी बसों, जीप और स्कूली वाहनों और अन्य वाहनों में सवार होकर अपने-अपने पोलिंग बूथ के लिए रवाना हुए। इस दौरान ट्रैफिक की जिम्मेदारी संभालने के लिए एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन कमला नेहरू नगर में मुस्तैद रहे। तो एडीसीपी क्राइम सचिदानंद ाहां के नोडल के रूप में व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे।

**धूप से बचने के लिए चश्मा और दुपट्टे का किया इस्तेमाल**

# संजय सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी, केजरीवाल को लेकर पीएमओ और एलजी पर लगाए आरोप

नई दिल्ली। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। संजय सिंह ने पीएमओ और एलजी पर लगाए सीएम केजरीवाल की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी करने के आरोप लगाए हैं। आप सांसद ने लिखा, 'संजय सिंह ने कहा, ''आपको अवगत कराना चाहता हूं कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ जो कुछ हो रहा है वो अत्यधिक दुःखद है। पूरी दिल्ली की जनता गहरी पीड़ा में है। तिहाड़ जेल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के लिये यातना गृह बना दिया गया है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि एलजी ऑफिस द्वारा 24 घंटे केजरीवाल जी पर सीसीटीवी कैमरे द्वारा नजर रखी जा रही है। यह देखा जा रहा है कि वह क्या कर रहे हैं। क्या पढ़ रहे हैं क्या लिख रहे हैं। कब सो रहे है कब जाग रहे हैं।



उनकी एक एक गतिविधि पर ऐसे नजर रखी जा रही है जैसे मानो कोई बहुत बड़ा जासूस जासूसी करा रहा हो। दिन भर नजर रखने के बावजूद 23 दिनों तक उनको इंसुलिन नहीं दी गई। उनके शुगर का स्तर बुरी स्थिति में जाने के बावजूद उन्हें इंसुलिन नहीं दी गई।' संजय सिंह ने लिखा, 'तीन बार के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार क्यों किया जा रहा है। आखिर क्या गुनाह है दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल जी का? यही कि उन्होंने दिल्ली के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा दिया, पूरी दिल्ली को अच्छा इलाज दिया, बिजली-पानी फ्री किया, माताओं बहनों के लिए 1000 रुपए महीने देने की योजना लाए, श्रवण कुमार बनकर बुजुर्ग माताओं बहनों को फ्री में तीर्थ कराया क्या यही गुनाह है? क्या बिजली- पानी, पढ़ाई लिखाई और दवाई का ख्याल रखना ही उनका अपराध हो गया है।' उन्होंने लिखा, 'सीसीटीवी में 24 घंटे अरविंद केजरीवाल जी को क्यों देखना चाहते है आपलोग। बाथरूम से लेकर खाने तक की निगरानी रख रहे है। क्या देखना चाहते है कि केजरीवाल जी कितना बीमार हुए और केजरीवाल जी का मनोबल कितना गिरा? आप का पूरा तंत्र निगरानी करता है कि केजरीवाल को दवा तो नहीं मिल रही, वो इंसुलिन के बिना कितना तड़प रहे हैं। केजरीवाल की इंसुलिन बंद करने से उनकी किडनी कितनी खराब हुई? उनका लीवर कितना खराब हुआ? पूरी दिल्ली को फ्री दवाई देने वाले अरविंद केजरीवाल जी को अपनी जीवन रक्षक दवाई इंसुलिन लेने के लिए कोर्ट जाना पड़ रहा है। यह कितने दुर्भाग्य की बात है। उनका सपना तो पूरे देश को फ्री और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का है।



## बनें आज लोकतंत्र के नायक
## जरूर करें आज मतदान

**हमे भेजें अपनी मतदान वाली फोटो और नाम।**
**हम देंगे आपको आज के अंक में प्रमुखता से स्थान।**

**नोट :** हमारी मेल आईडी :
**currentcrimenews@gmail.com**
पर ही अपना फोटो और नाम भेजें।

**नोट :** आज रात **8:00 बजे** तक भेजे गये फोटो को आज के अंक में प्रकाशित करने का हरसंभव प्रयास हमारी ओर से किया जाएगा। शेष छायाचित्रों को रविवार के अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

# विधायक प्रतिनिधि सहित सैकड़ों लोगों का नाम वोटर लिस्ट से गायब

**लोनी करंट क्राइम।** विधायक प्रतिनिधि सहित भाजपा के गढ कहे जाने वाली बलरामनगर कॉलोनी से कई मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से गायब है। जबकि मतदाता पर्ची भी अधिकांश लोगों के घर तक नही पहुंची है। प्रश्न यह उठता है कि राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता चुनाव के दौरान क्या काम करते हैं अथवा प्रत्याशियों की परिक्रमा करके ही फर्ज की इतिश्री करते रहे हैं। सी-42, बलरामनगर लोनी निवासी कैलाश चंद गर्ग स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रतिनिधि रहे हैं तथा विधान सभा चुनाव में उनके चीफ इलैक्शन एजेंट रहे थे। वह नगर पालिका चुनाव में भाजपा से अध्यक्ष पद के लिए टिकट मांग रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनाव में उनका नाम मतदाता सूची से गायब कर दिया गया है। डी-61 बलरामनगर कॉलोनी निवासी जगदीश प्रसाद ने बताया कि वह गत करीब 50 वर्षों से लोनी में रह रहे हैं और सामाजिक गतिविधियों से जुडे रहते है, लेकिन लोकसभा चुनाव में उनकी उनके बेटे डा0 संजीव, पुत्रवधू, रजनी की वोट काट दी गई। जबकि उनके पौत्र अभय और पौत्री मानसी की वोट बनाई ही नही गई। इसी प्रकार भाजपा के गढ माने जाने वाले बलरामनगर, लालबाग, इंद्रापुरी, रामपार्क, रामेश्वर पार्क आदि दर्जनों कॉलोनियों से सैकडों लोगों की वोट गायब हैं। सवाल यह उठता है कि अपने अपने प्रत्याशी को भारी मतों से चुनाव जिताने वाले विभिन्न राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता चुनाव के दौरान काम क्या कर रहे है? अथवा प्रत्याशी की गणेश परिक्रमा कर फर्ज की इतिश्री कर रहे हैं।






दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 26 अप्रैल - 2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# जनरल के जीत आंकड़े को भेदना विधायक टोले के लिए बड़ी चुनौती

## अपनी-अपनी विधानसभा में लगा रहे हैं सभी विधायक पूरे जोर

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मतदान का दिन आ गया और यहां पर सबसे बड़ी चुनौती किसी के सामने है तो वो गाजियाबाद का विधायक टोला है। ये वही विधायक टोला है जिसने सबसे पहले मोर्चा खोला। जिसने टिकट की ऐसी फिल्डिंग लगाई कि जनरल के लिए सीन विकट हो गया और लोकसभा का टिकट विधानसभा वालों के निकट हो गया।

अब टिकट भी हो गया और प्रचार भी हो गया आज मतदान का दिन है। यहां पर विधायक टोले के लिए एक बड़ी चुनौती उस आंकड़े को भेद पाना है जो जनरल ने लगातार दो बार कायम किया। वो एक बड़े अंतराल के साथ चुनाव जीते हैं और अब यहां अपने ही दावे को पूरा करना है। कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दावा किया था कि यहां भाजपा इतने लाख वोटों से जीतेगी। खुद लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने विधायक रहते हुए टिकट घोषित हुए बिना ये दावा किया था कि यहां भाजपा आठ लाख वोटों से चुनाव जीतेगी।

ये दावा उन्होंने तब किया था जब उनका टिकट घोषित नहीं हुआ था। अब टिकट भी हो गया, प्रचार भी हो गया और आज बड़ी चुनौती विधायक टोले के लिए आ रही है। वोट प्रतिशत भी देखना है और जीत का मार्जिन भी देखना है। लोनी विधानसभा में विधायक नन्द किशोर गुर्जर, मुरानगद विधानसभा में विधायक अजीत पाल त्यागी, साहिबाबाद विधानसभा में कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने चुनाव की कमान संभाल रखी है। चर्चा यही है कि अब प्रत्येक विधानसभा में क्या ये विधायक उतने वोट दिलवा पायेंगे जितने वोट जनरल को पहले मिले हैं। यहां सभी का प्रयास अधिक वोट का है।

नजरें इस बात पर भी है पोलिंग प्रतिशत कितना बढ़ता है। ये विधायकों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न है कि क्या विधायक टोला जनरल वीके सिंह के वोट आंकड़े को भेद पायेगा।

क्योंकि काम भले ही गिनायें लेकिन लोकसभा उम्मीदवार पीएम और सीएक के नाम पर ही वोट मांग रहे हैं। ऐसे में विधायकों का योगदान उनकी विधानसभा से आयेगा।

### क्या धौलाना में खिलेगा पहले से ज्यादा वोटों से कमल

करंट क्राइम। जनरल वीके सिंह एक बड़े अंतराल से चुनाव जीते और यहां पर एक मलाल रह गया कि उनका विजयी रथ धौलाना में आकर रूक गया। जनरल वीके सिंह सब स्थानों से चुनाव जीतते आये और धौलाना में पिछड़ गये। अब यहां धर्मेश तोमर विधायक हैं और इस विधानसभा में धर्मेश तोमर के लिए चुनौतियां ज्यादा है। उसकी वजह बताई जाती है कि एक तो ठाकुर नाराज हैं दूसरे बसपा ने ठाकुर उम्मीदवार उतारा और तीसरे ये कि बसपा के उम्मीदवार ने अपने प्रचार का डेरा इसी विधानसभा में डाला है। ऐसे में धौलाना विधायक धर्मेश तोमर का कितना प्रभाव यहां है यह तय होगा।





### महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की रणनीति का भी होगा लिटमस टेस्ट

करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने इस पूरे चुनाव प्रचार में जमकर मेहनत की है। एक ऐसे अध्यक्ष हैं जिनकी महानगर में प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री का रोड शो हुआ है। इसमें भी कोई शक नहीं कि संजीव शर्मा ने अपने मेहनत के दम पर यहां सफल कार्यक्रम कराये हैं। संगठन को ही मेहनत से लगा है और यहां पर दूसरे प्रदेश के सीएम अपने प्रदेश के डिप्टी सीएम सभी जनसभाएं करके गये हैं। जहां तक संगठन की बात है तो जनरल वीके सिहं 2019 में पांच लाख से भी ज्यादा वोटों से चुनाव जीते थे। इस बार सबकी नजर इस बात पर भी रहेगी कि संगठन के रूप में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में कितने वोट बढ़ते हैं। क्योंकि अब उम्मीदवार भी लोकल है और मेहनत भी पूरी हो रही है। संजीव शर्मा ने अगर यह आंकड़ा भेद दिया तो जाहिर तौर पर उनके नंबर बढ़ जायेंगे।

# मतदान की पूर्व संध्या पर भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के घर पर चला चुनावी मंथन

## सुपरकूल मोड में नजर आये अतुल गर्ग और खिलाये सभी को चटपटे व्यंजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव से एक दिन पूर्व सभी उम्मीदवारों के घर पर अभूतपूर्व चर्चा, मंथन, चिंतन चल रहा था। दैनिक करंट क्राइम भाजपा लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के आवास पर पहुंचा। यहां लग रहा था कि मंथन और चिंतन हो रहा था लेकिन यहां लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग सुपरकूल अंदाज में सबसे मिल रहे थे। एक दम सहज दिखाई दे रहे थे कहीं कोई चुनावी तनाव उनके चेहरे पर नहीं था। यहां पर दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में अतुल गर्ग ने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर एकजुट है। भाजपा के कार्यकर्ता देवतुल्य है और संगठन सर्वोपरि है। इसलिए यहां कोई तनाव नहीं है। अभी यह चर्चा चल ही रही थी कि पूर्व मेयर अशु वर्मा की एन्ट्री हुई। उनके साथ धौलाना और लोनी पर चर्चा हो रही थी तभी मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी आ गये। यहां रणनीति बनी कि सभी विधायक अपने अपने विधानसभा में रहकर काम करेंगे। थोड़ी देर बाद वहां वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह भी आ गये और फिर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की भी एन्ट्री हुई। चिंतन मथन के बीच चटपटे व्यंजन ने एन्ट्री ले ली। 15-20 मिनट बाद कांजी के बड़े और कढ़ी चावल के साथ लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के घर पर बैठक सम्पन्न हुई और यहां पर बता दे कि कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा कुछ लेट हुए क्योंकि वो दुहाई के रास्ते आ रहे थे।

## आठ लाख वोटों से चुनाव जीतेंगे भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग : वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनावी परीक्षा आज है और दावे पहले से हो रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता के रूप में खुद को गौरवान्वित महसूस करने वाले भाजपा नेता वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले यहां मतदान की पूर्व संध्या पर उत्साहित नजर आये। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग आठ लाख वोटों से भी अधिक से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने दावा किया कि यह भाजपा का कैडर वोट है। उन्होंने कहा कि देश राष्ट्रवाद की आवाज पर वोट करेंगा। देश सनातन संस्कृति के नाम पर वोट करेगा। वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों ने कहा कि मैं एक भाजपा कार्यकर्ता हूं और मेरे जैसे लाखों कार्यकर्ता पहले मतदान करेंगे और बाद में कोई ओर काम करेंगे। हम सभी अपने अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत करेंगे यही हमारी जीत का मूल मंत्र है।

## आठ लाख से अधिक वोटों से जीतेंगे अतुल गर्ग लोकसभा का चुनाव : अनिल अग्रवाल सांवरिया



करंट क्राइम। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और कई सामाजिक और सांस्कृति संस्थाओं के पदाधिकारी अनिल अग्रवाल सावरिया ने दावा किया है कि इस बार भाजपा रिकार्ड वोटों से चुनाव जीतेगी। अनिल अग्रवाल सांवरिया वही नेता हैं जिन्हें पहले से अनुमान हो गया था कि टिकट अतुल गर्ग का होने वाला है। उन्होंने एक धार्मिक कार्यक्र म कराने के बाद घंटाघर रामलीला मैदान में भव्य पंडाल ही नहीं हटवाया और इसी बीच अतुल गर्ग का टिकट हो गया। हालांकि अनिल अग्रवाल सांवरिया ने इसे एक संयोग बताया और कहा कि यह ईश्वरीय कृपा है और ईश्वर जो चाहे वो करा लेते हैं। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में ये दावा किया कि भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग इस चुनाव में आठ लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतने जा रहे हैं। उन्हें सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है।

## बालकिशन गुप्ता बालू का दावा पांच लाख वोटों से चुनाव जीतेगी भाजपा



करंट क्राइम। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष, रेलवे सलाहकार वोर्ड के सदस्य तथा अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता का दावा है कि भाजपा गाजियाबाद लोकसभा चुनाव में पांच लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतने जा रही है। बालकिशन किशन गुप्ता बालू ने कहा कि गाजियाबाद में भाजपा पांच लाख वोटों से चुनाव जीतेगी और यदि मतदान प्रतिशत में इजाफा हुआ तो जीत का ये दावा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा को जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम पर वोट मिल रहे हैं। भाजपा को केवल राम ही नहीं बल्कि भाजपा को काम के नाम पर भी वोट मिल रहे हैं।

# यशोदा सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के एमडी पी.एन. अरोड़ा ने कहा पहले मतदान फिर जलपान

### गाजियाबाद में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी मतदान करने वाले मतदाता को देगा फ्री अफॉर्डप्लान हेल्थ कार्ड



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ पी एन अरोड़ा ने बताया कि गाज़ियाबाद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। लोकतंत्र को मजबूती जनता जनार्दन ही दे सकती है। इसके लिए हर व्यक्ति अपने-अपने तरीके से प्रयास कर सकता है। चुनाव हमारे लिए किसी पर्व से कम नहीं है, यह हमारे देश की दशा और दिशा बदलने वाला है। ज्यादा से ज्यादा वोट डालकर हम अपने देश को सशक्त बना सकते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों से वोट डालने की अपील की जा रही है। जो भी मतदाता वोट डालने के बाद नीली स्याही दिखाएगा उसे फ्री अफॉर्डप्लान हेल्थ कार्ड दिया जायेगा।चुनाव में अधिक से अधिक लोग मतदान करें, इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने एक नई पहल की है, जिससे हमें उम्मीद है कि मतदान के दिन भारी संख्या में लोग वोट करें। मतदान प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान करना अनिवार्य है। सभी मतदाता शुक्रवार दिनांक 26/4/24 को मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से शाम 6 बजे तक पहुंचकर मतदान करें।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने भरा पोलिंग पार्टियों में जोश

## इन्द्र विक्रम सिंह ने मैदान में पहुंचकर किसी को लगाया गले तो किसी से मिलाये हाथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव आयोग के अधिसूचना जारी करने के बाद जिले के डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी हो जाते हैं। गाजियाबाद के डीएम आईएएस इन्द्र विक्रम सिंह भी जिला निर्वाचन अधिकारी हो गये हैं और उनके नेतृत्व में गाजियाबाद को लोकसभा चुनाव हो रहा है। इन्द्र विक्रम सिंह के लिए गाजियाबाद का पहला लोकसभा चुनाव है। यहां पर सबसे खास बात है कि जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदान कर्मियों में ऊर्जा का संचार करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में इन्द्र विक्रम सिंह के प्रयास बेहद सराहनीय रहे हैं।



वोटर की पर्ची से लेकर दिव्यांग और बुजुर्गों के बैलेट मतदान तक उन्होंने पूरी मॉनीटरिंग की है। आज मतदान है और जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में ये इन्द्र विक्रम सिंह का भी इम्तेहान है। वो उस टीम के कप्तान है जिस टीम में दस हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं और निपक्ष पादर्शी चुनाव कराना जिनकी जिम्मेदारी है। मतदान के प्रति जागृति वाले जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह अपनी टीम को भी लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने पहले पोलिंग टीमों से कहा था कि वो गर्व से इस बात को कहें कि देश के सबसे बड़े चुनाव को सम्पन्न कराने में उनकी भूमिका रही है। एक बेहद शानदार सुलझे हुए अधिकारी के रूप में वो मोर्चा संभाल रहे हैं।

ये उनकी अधिकारिक जिम्मेदारी नहीं है लेकिन जब अधिकारी सुलझे हुए व्यक्तित्व का होता है तो वह अपने व्यवहार से उलझने ही पैदा नहीं होने देता। गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह उस मैदान में पहुंचे जहां से पोलिंग पार्टियां रवाना हो रही है। उन्होंने कर्मचारियों से बात की और टीम को उत्साहित किया, टीम में जोश भरा। यहां सबसे खास बात ये थी कि जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मतदान योद्धाओं यानी पोलिंग पार्टियों से हाथ भी मिलाये और गले भी मिले। वो मैदान में पहुंचे और यहां चाहे एलआईसी का कर्मचारी और चाहे वो शिक्षा से जुड़े शिक्षक हों सभी को उन्होंने मोटीवेट किया सभी की पीठ थपथपाई। जिला निर्वाचन अधिकारी का ये अंदाज पोलिंग पार्टियों को खूब पसंद आया। वो कहते भी दिखाई दिये कि कोई तो ऐसा अधिकारी है जो हमारे बीच आया है और हमारा उत्साह वर्धन कर रहा है।

# आज सभी की निगाहें रहेंगी बागपत से चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा पर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बागपत लोकसभा क्षेत्र में भी आज मतदान हो रहा है। यहां पर आज सभी की निगाहें पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा पर रहेंगी। यहां भाजपा ने अपने निवर्तमान सांसद सतपाल सिंह को स्टे होम करते हुए टिकट अपने चुनावी गठबंधन सहयोगी रालोद को दिया। रालोद ने भी यहां डॉ राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया। यहां पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन कार्ड को बदला गया और यहां सपा ने पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया। अमरपाल शर्मा चुनावी खिलाड़ी है और कई चुनाव लड़ चुके हैं। बागपत में उन्होंने अपनी एन्ट्री के बाद यहां के चुनावी धमासान में खुद को साबित किया है। लगातार डेरा डालकर चुनाव प्रचार किया है। आज मतदाताओं को अपना फैसला सुनाना है मगर यहां बताते हैं कि अमरपाल शर्मा ने एक मजबूत योद्धा की तरह इस रण में चुनाव लड़ा है। वो सभी वर्गों तक पहुंचे हैं। अपनी बात रख रहे हैं और मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। आज सभी की निगाहें अमरपाल शर्मा पर रहेंगी। अमरपाल शर्मा ने यहां चुनाव के समीकरण के सहारे साधा है। अब मतदान के बाद जनादेश का ऊंट किस तरफ बैठेगा यह चार जून की तारीख बतायेगी। लेकिन आज बागपत में सभी की निगाहें अमरपाल शर्मा की तरफ रहेंगी।



**डेरा डालकर किया है चुनाव प्रचार और दी है यहां मुकाबले को तेज धार**

## संपादकीय

# वीवीपैट का दायरा बढ़ाने की जरूरत!

देश में 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले सात चरणों का मतदान शुरू हो चुका है। दिलचस्प है कि मतदान से ठीक पहले तक सुप्रीम कोर्ट में चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़े मामले पर सुनवाई होती रही। मसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में डाले गए वोटों के वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों से मिलान का है। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। निश्चित रूप से मुद्दा अहम है और पुराना भी। ईवीएम के जरिए वोटिंग की शुरुआत 2004 के लोकसभा चुनावों में हुई थी। तब से सरकारें बदलती रहीं, लेकिन ईवीएम की गड़बड़ियों के आरोप लगते रहे। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी कि बैलट पेपर की ओर वापसी का विकल्प नहीं है। लेकिन उसने यह भी कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और उसकी विश्वसनीयता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता।
ईवीएम की विश्वसनीयता के सवाल से जूझते हुए ही 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वीवीपैट लाया गया। इससे मतदाताओं को यह देखने का मौका मिलता है कि उनका वोट उसी को गया है जिसे वह देना चाहते थे। इसने निश्चित रूप से ईवीएम की विश्वसनीयता बढ़ाने वाले एक टूल के रूप में अपनी जगह बनाई है, लेकिन विवाद का कोई सर्वमान्य हल उसके बाद भी नहीं निकल सका।
2019 के लोकसभा चुनावों से पहले यह मामला एक बार फिर जोरदार ढंग से उठा। तब सुप्रीम कोर्ट में पिटिशन के जरिए मांग की गई कि हर लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाए। इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट का कहना था कि अगर बिना किसी तय आधार के यूं ही चुन लिए गए 479 ईवीएम का वीवीपैट से मिलान किया जाता है तो 99 फीसदी सटीक नतीजे आ सकते हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि वह इससे आठ गुना ज्यादा ईवीएम लेता है। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट मिलान का दायरा पांच गुना और बढ़ाने को कहा।
बावजूद इसके, मामला अभी भी फंसा हुआ है। अभी हर विधानसभा क्षेत्र से 5 ईवीएम की वीवीपैट पर्चियां मिलान के लिए ली जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में हर वोट के मिलान की मांग की गई है। दिक्कत यह है कि वीवीपैट की पर्चियों के मिलान में वक्त लगता है। लेकिन सवाल चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता का हो तो वक्त कोई मसला नहीं होना चाहिए। यूं भी 2004 में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया तीन सप्ताह में पूरी हुई थी। इस बार उसके लिए छह सप्ताह का वक्त लिया जा रहा है। जब वोटिंग में इतना समय लिया गया तो थोड़ा वक्त काउंटिंग में भी लगने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। बेहतर होगा चुनाव आयोग अपनी तरफ से वीवीपैट मिलान का दायरा बढ़ाने पर विचार करे।

# 'भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करे शहबाज सरकार'

## पड़ोसी देश के कारोबारियों ने की पीएम से अपील

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में सिंध सीएम आवास पर एक बैठक के दौरान वहां के व्यापारिक समुदाय से जुड़े लोगों ने पीएम शहबाज शरीफ को सलाह दी कि वे अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करें। कारोबारियों ने पीएम से कहा कि वे भारत के साथ कारोबार और वाणिज्य से जुड़ी बातचीत की पहल करें, इससे नकदी संकट से जूझ रहे देश को बहुत लाभ मिलेगा।



पाकिस्तान के कारोबारियों ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से एक मुलाकात के दौरान भारत के साथ कारोबारी बातचीत शुरू करने की अपील की है। एक मुलाकात के दौरान पड़ोसी देश के कारोबारियों ने पीएम से कहा कि वे भारत के साथ कारोबार और वाणिज्य से जुड़ी बातचीत की पहल करें, इससे नकदी संकट से जूझ रहे देश को बहुत लाभ मिलेगा। पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में सिंध सीएम आवास पर एक घंटे की एक बैठक के दौरान वहां के व्यापारिक समुदाय से जुड़े लोगों ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें सलाह दी कि वे अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करें। समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री ने निर्यात के जरिए अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाने के तरीके तलाशने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक की। हालांकि, उनके संकल्प को उद्योग जगत के लोगों की आशंकाओं का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खासकर उच्च ऊर्जा लागत और असंगत सरकारी नीतियों के साथ व्यापार करना लगभग असंभव है।

प्रधानमंत्री के संक्षिप्त भाषण के बाद सवाल-जवाब शुरू किए गए। इस दौरान व्यापार जगत के लोगों ने सरकार के हालिया कदमों की सराहना की, लेकिन और अधिक कदम उठाने की मांग की।

उन्होंने वांछित परिणाम हासिल करने के लिए आर्थिक नीतियों पर प्रस्ताव भी साझा किए। पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा, कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। खबर में कहा गया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा, ह्यमेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रह रहे (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। भारत के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध टूट गए। भारत के फैसले पर पाकिस्तान की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया दी गई जिसने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया और भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया। पाकिस्तान ने भारत के साथ सीधे व्यापार संबंध भी खत्म कर दिए।

## 6.4 अरब डॉलर के मूल्य पर हाशिकॉर्प का अधिग्रहण करेगी आईबीएम

**नई दिल्ली।** आईबीएम 35 डॉलर प्रति शेयर के भाव पर हाशिकॉर्प के शेयरों का सौदा कर रहा है। यह कीमत कंपनी की सोमवार की क्लोजिंग प्राइस की तुलना में करीब 42.6% अधिक है। आईबीएम से डील की खबरों के बाद मंगलवार के कारोबारी सत्र के दौरान हाशिकॉर्प के शेयरों में उछाल दिखा। आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी आईबीएम (इंटरनेशनल बिजनेस




मशीन्स) 6.4 अरब डॉलर की वैल्युएशन पर क्लाउड सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता कंपनी हाशिकॉर्प का अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वह एआई क्षेत्र में कदम रखने के लिए क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर उत्पादों का विस्तार कर रही हैं।

आईबीएम 35 डॉलर प्रति शेयर के भाव पर हाशिकॉर्प के शेयरों का सौदा कर रहा है। यह कीमत कंपनी की सोमवार की क्लोजिंग प्राइस की तुलना में करीब 42.6% अधिक है। आईबीएम से डील की खबरों के बाद मंगलवार के कारोबारी सत्र के दौरान हाशिकॉर्प के शेयरों में उछाल दिखा। मंगलवार को हाशिकॉर्प के शेयर जहां चार प्रतिशत तक मजबूत हुए वहीं आईबीएम के शेयर सात प्रतिशत तक टूट गए। आईबीएम में यह गिरावट पहली तिमाही में कंपनी का राजस्व अनुमानों से कम रहने के बाद आई है।

## एक्सिस बैंक के एमडी अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक के निदेशक मंडल ने प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक ने गुरुवार को बताया यह उनका तीन साल का दूसरा विस्तार होगा। चौधरी 2019 में एमडी एवं सीईओ के रूप में बैंक में शामिल हुए थे। एक्सिस बैंक के निदेशक मंडल ने एक जनवरी 2025 से तीन साल के लिए प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर अमिताभ चौधरी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक ने गुरुवार को बताया यह उनका तीन साल का दूसरा विस्तार होगा। चौधरी 2019 में एमडी एवं सीईओ के रूप में बैंक में शामिल हुए थे। उनकी सेवाओं को विस्तार दिया गया जो एक जनवरी 2022 से लागू हुआ था। चौधरी इससे पहले एचडीएफसी लाइफ के एमडी व सीईओ थे। एक्सिस बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पुनर्नियुक्ति के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और शेयरधारकों की मंजूरी अभी आवश्यक है।

# भारत से दवा निर्यात 10% बढ़कर 27.9 अरब डॉलर

## यूएस-यूके सहित अन्य देशों में मांग बढ़ने से मिली मदद



**नई दिल्ली।** घरेलू दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार अवसरों के विस्तार और विदेश में बढ़ती मांग के दम पर यह लक्ष्य हासिल हो पाएगा। देश से दवाओं का निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67 फीसदी बढ़कर 27.9 अरब डॉलर पहुंच गया। 2022-23 के दौरान यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में भारत से 2.8 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया गया। यह मार्च, 2023 की तुलना में 12.73 फीसदी अधिक है। भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा, अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है। सरकार ने प्रमुख दवा सामग्री और जेनेरिक दवाओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए दो उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की हैं।

### 130 अरब डॉलर का होगा कारोबार

घरेलू दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार अवसरों के विस्तार और विदेश में बढ़ती मांग के दम पर यह लक्ष्य हासिल हो पाएगा। भारत ने 2023-24 के दौरान पांच देशों अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में सबसे ज्यादा दवाओं का निर्यात किया। इसमें अमेरिका की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 31 फीसदी से अधिक रही। कुल दवा निर्यात में ब्रिटेन और नीदरलैंड का करीब तीन फीसदी योगदान रहा। भारत को पिछले वित्त वर्ष के दौरान कई नए बाजारों में कदम रखने का अवसर मिला। इन बाजारों में मोंटेनेग्रो, दक्षिण सूडान, चाड, कोमोरोस, ब्रुनेई, लात्विया, आयरलैंड, स्वीडन, हैती और इथियोपिया शामिल हैं।

### 100 अरब डॉलर के पार पहुंचेगा भारत व यूएई के बीच कारोबार

मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के मई, 2022 में लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच द्विपक्षीय कारोबार में 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा, दोनों देशों के बीच 2030 तक गैर-तेल कारोबार 100 अरब डॉलर के लक्ष्य के पार पहुंचने की उम्मीद है। यूएई, भारत का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य, तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और चौथा सबसे बड़ा निवेशक है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

लड़का – तुम्हारा नाम क्या है...?
लड़की – तमन्ना...
लड़का – तुम्हारे पापा का नाम सरफरोशी है क्या...?
लड़की – क्यों...?
लड़का – क्योंकि सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है...!

काका को रात में 12 बजे एक लड़की का फोन आता है...!
काका – हेलो कौन...?
लड़की – हम तेरे बिन अब रह नहीं सकते, तेरे बिना क्या वजूद मेरा...!
काका (खुश होकर) – कौन हैं आप..?
लड़की – तुझसे जुदा अगर हो जायेंगे तो खुद से भी हो जाएंगे जुदा..!
खुशी के मारे काका की आंखों में पानी आ गया, वो बोले – तुम सच में मुझसे शादी करोगी...?
लड़की – इस गाने को अपनी कॉलर ट्यून बंनाने के लिए 8 दबाएं...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य–निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों–रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# आरसीबी को हैदराबाद के बल्लेबाजों से रहना होगा सावधान




**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जब गुरुवार को आईपीएल के मैच में निचले पायदान पर चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी निगाहें फिर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी। इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी की है, इसमें मुंबई इंडियंस की टीम उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरु में आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूनार्मेंट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। बल्लेबाजी हैदराबाद का मजबूत पक्ष इस सीजन हैदराबाद के बल्लेबाज बेहद शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। टीम ने दिल्ली के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी। अब आरसीबी के खिलाफ अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी और वो भी आरसीबी के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ, इसकी संभावना काफी ज्यादा है। एसआरएच के ट्रेविस हेड शानदार फॉर्म में हैं। हेड आक्रामक होकर बल्लेबाजी करते हैं और उन्हें मिले हर मौके का फायदा उठाते हैं। अभिषेक शर्मा ने भी हेड के साथ अच्छी बल्लेबाजी दिखाई है और दोनों पावरप्ले में ज्यादा रन बटोरने की कोशिश करते हैं। वहीं, क्लासेन ने भी इस सत्र में बल्ले से अच्छा योगदान दिया है। एसएआरएच की मजबूत बल्लेबाजी ने उनके गेंदबाजों और कप्तान पैट कमिंस का काम आसान कर दिया है। आरसीबी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कोहली आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन लुटाए हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपाई करने के लिए काफी मशक्कत की है, लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए ऑलराउंड प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है। आरसीबी ने बल्लेबाजी में शानदार जज्बा दिखाया, लेकिन इसके बावजूद वे कोलकाता नाइटराइडर्स से महज एक रन से हार गए। हालांकि आरसीबी प्रबंधन उनके एकजुट बल्लेबाजी प्रयास से काफी संतुष्ट होगा। विराट कोहली टूनार्मेंट में अब तक आरसीबी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने हैं जिन्होंने 379 रन बनाए। दिनेश कार्तिक भी अंतिम ओवरों में आकर बल्लेबाजी में अपना अहम योगदान देते हैं।

# आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा नाखुश



**नई दिल्ली।** आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई तरह की राय देखने मिली है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा इस नियम से खुश नहीं हैं और उन्होंने हाल ही में इसे लेकर बयान दिया था। वहीं, डेविड वॉर्नर ने इंपैक्ट प्लेयर नियम की वकालत की थी। अब लखनऊ सुपरजाएंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने भी इस पर अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम ने ऑलराउंडर की भूमिका कम कर दी है।

**वोग्स को रास आया पावर सर्ज जैसा नियम**

लखनऊ सुपरजायंट्स के सलाहकार एडम वोग्स ने आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर नियम के लिए चल रही बहस में शामिल होते हुए कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में पावर सर्ज जैसा नियम ज्यादा पसंद आता है जिसमें बल्लेबाजी टीम को क्षेत्ररक्षण पाबंदियों के दो ओवर के चरण पर फैसला करने का मौका मिलता है। इंपैक्ट प्लेयर नियम पिछले सत्र में शामिल किया था और इस सत्र में इसे लेकर काफी बहस चल रही है जिसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सहित काफी खिलाड़ी इसे ऑलराउंडरों के लिए नुकसानदायक करार कर रहे हैं। 'इंपैक्ट सब से ऑलराउंडर महत्वपूर्ण नहीं रहे' वोग्स ने कहा, टूनार्मेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं। निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है, लेकिन इससे मैच में ऑलराउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है। ऑलराउंडर हमेशा टीम को संतुलन प्रदान करते हैं और शायद वे इंपैक्ट सब के साथ इतने महत्वपूर्ण नहीं रह गए हैं।

**इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है रोहित**

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा था कि वह आईपीएल में लागू इंपैक्ट प्लेयर नियम के बड़े फैन नहीं हैं। उन्होंने साथ ही बताया कि किस तरह यह नियम भारतीय क्रिकेट की मदद नहीं करने वाला है। रोहित ने एक पॉडकास्ट में कहा था, 'मैं इंपैक्ट नियम का बड़ा फैन नहीं हूं। यह नियम ऑलराउंडर खिलाड़ियों को पीछे धकेलने वाला है। आमतौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाला खेल, 12 नहीं। आप वैसे ही मैच से लोगों का काफी मनोरंजन करते हैं।

# गेंदबाजों के औसत प्रदर्शन ने बढ़ाई चिंता, बुमराह के अलावा अन्य तेज गेंदबाज कर रहे संघर्ष




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 सीजन के तुरंत बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। इसके लिए आने वाले कुछ ही दिनों में भारतीय टीम घोषित होगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, टीम चयन को लेकर अगले दो-तीन दिन में बैठक होनी है जिसमें 15 सदस्यीय टीम के लिए चुने जाने खिलाड़ियों पर अंतिम मुहर लग सकती है। चयनकर्ताओं के सामने बल्लेबाजी में काफी विकल्प हैं और स्पिन गेंदबाजी आक्रमण भी अच्छी स्थिति में दिख रहा है, लेकिन भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता तेज गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन है जिसमें जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य कोई तेज गेंदबाज आईपीएल के मौजूदा सीजन में प्रभाव छोड़ता नहीं दिखा है। चयनकर्ताओं के सामने बल्लेबाजी में कई विकल्प मौजूद माना जा रहा है कि टी20 विश्व कप के लिए कप्तान रोहित शर्मा के अलावा सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली का नाम तय है। यह दोनों उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिनका बल्ला आईपीएल 2024 में जमकर बोल रहा है। कोहली ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं, जबकि रोहित ने शतक जड़कर बता दिया था कि उनमें अभी भी टी20 प्रारूप के लिहाज से आक्रमक होकर बल्लेबाजी करने का माद्दा है। हालांकि, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाजों ने भी कई मौकों पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी चोट से वापसी कर ली है और उनका बल्ला आईपीएल में काफी आग उगल रहा है। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को खेले गए मैच में भी दमदार बल्लेबाजी की और एक बार फिर टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर लिया है। विकेटकीपिंग विभाग में भी चयनकर्ताओं के पास कई विकल्प मौजूद हैं। उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं भारतीय स्पिनर बल्लेबाजों की तरह स्पिन विभाग का भी हाल एक समान है क्योंकि कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और युजवेंद्र चहल आईपीएल में अपनी चमक बिखेरने में अब तक सफल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले चहल हाल ही में आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज बने थे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे कुलदीप यादव भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इनके अलावा अक्षर पटेल और जडेजा गेंद के साथ-साथ बल्लेबाजी भी करने में भी सक्षम हैं तथा दोनों खिलाड़ियों की फील्डिंग भी जबरदस्त है। तेज गेंदबाजी पर देना होगा ध्यान तेज गेंदबाजी आक्रमण फिलहाल एकमात्र विभाग है जो चिंता का सबब बनता जा रहा है। आईपीएल 2024 में किए गए प्रदर्शन को दे खें तो भारतीय तेज गेंदबाजों में सिर्फ बुमराह का रिकॉर्ड की प्रभावी है, जबकि अन्य तेज गेंदबाज संघर्ष करते दिख रहे हैं। बुमराह ने आठ मैचों में 6.37 की इकॉनोमी रेट से 13 विकेट लिए हैं और वह तेज गेंदबाजों में सबसे आगे चल रहे हैं। आईपीएल से पहले माना जा रहा था कि मोहम्मद सिराज टी20 विश्व कप में नई गेंद से बुमराह का साथ देंगे, लेकिन आरसीबी के लिए खेलने वाले सिराज का मौजूदा सीजन में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने अब तक सात मैचों में 10.34 की इकॉनोमी रेट से पांच विकेट लिए हैं। पिछले टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा रहे अर्शदीप सिंह इस बार भी दावेदार माने जा रहे हैं। अर्शदीप ने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए आठ मैचों में 9.40 की इकॉनोमी रेट से 10 विकेट चटकाए हैं। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे मुकेश कुमार पांच विकेट ले चुके हैं, लेकिन उनकी इकॉनोमी 10.34 की है। ऐसे ही आवेश खान ने आठ मैचों में आठ विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी इकॉनोमी रेट 9.41 है जो दिखाता है कि वे कितने महंगे साबित हो रहे हैं। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर हैं और वह टी20 विश्व कप के लिए वापसी करेंगे ऐसा मुश्किल नजर आ रहा है। नए गेंदबाजों को मिलेगा मौका? नियमित तेज गेंदबाजों के प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाने से इस बात की चर्चा हो रही है कि क्या चयनकर्ता कुछ अन्य तेज गेंदबाजों पर अपनी नजर रखेंगे? टी. नटराजन ने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और वह पांच मैचों में 8.50 की इकॉनोमी से 10 विकेट ले चुके हैं।





# गुकेश ने विश्वनाथन आनंद को दिया जीत का श्रेय

**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुएबृहस्पतिवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते। 17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूनार्मेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्त्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते। गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा , सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है। उन्होंने कहा , काफी अपेक्षायें हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा , मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि मेरी जीत के देश के लिये क्या मायने हैं। जोश से भरे बच्चों को इस तरह मेरा स्वागत करते देखकर अच्छा लगा। यह काफी खास है और मेरे लिये बहुत मायने रखता है।

# पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान मारूफ ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास




**कराची।** एक चौकाने वाले फैसले में पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने गुरुवार को तत्काव प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 32 वर्ष की बिस्माह ने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। बिस्माह ने हालांकि फिलहाल क्रिकेट से संन्यास लेने का कारण नहीं बताया है।

**विश्व कप में बेटी को साथ ले जाने पर बटोरी थी सुर्खियां**

न्यूजीलैंड में 2022 विश्व कप में अपनी बेटी को साथ लेकर गई बिस्माह ने सुर्खियां बंटोरी थी। वह वेतन के साथ 12 महीने का मातृत्व अवकाश पाने वाली पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर रहीं हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज बिस्माह ने भारत के खिलाफ 2006 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था और पाकिस्तान के लिए 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने 2009 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 33 अर्धशतक समेत 6262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और लेग स्पिन गेंदबाजी से 80 विकेट लिए। परिवार और पीसीबी को दिया धन्यवाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद बिस्माह ने एक बयान में कहा, 'मैं उस खेल से विदा ले रही हूं जिससे मुझे सबसे ज्यादा प्यार है। यह शानदार सफर रहा जिसमें कई चुनौतियां, जीत और यादगार लम्हे हमने देखे। मैं अपने परिवार को धन्यवाद देना चाहती हूं जिसने इस पूरे सफर में मेरा साथ दिया। इसके अलावा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को भी धन्यवाद दूंगी जिन्होंने मुझे अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया। पीसीबी से मिला सहयोग मेरे लिए काफी मायने रखता है।'

**बिस्माह ने अपने करियर में चार विश्व कप खेले**

बिस्माह ने 50 ओवरों के चार विश्व कप (2009, 2013, 2017 और 2022 ) खेले और 2022 में टीम की कप्तान भी रहीं। उन्होंने टी20 क्रिकेट में 2009 से 2023 के बीच आठ विश्व कप खेले और 2020 तथा 2023 में टीम की कप्तान रहीं।

# ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, टी20 में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली।** कप्तान ऋषभ पंत के 43 गेंद में नाबाद 88 रन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार विकेट पर 224 रन बना डाले। एक समय दिल्ली ने 44 रन पर तीन विकेट खो दिए थे, लेकिन अक्षर पटेल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 68 गेंद में 113 रन की शतकीय साझेदारी कर दिल्ली को उबारा। पंत अंतिम 5 ओवर में बेहद तेज खेले। अंतिम ओवर में उन्होंने चार छक्के और चौका लगाया। आखिरी पांच ओवर में दिल्ली ने 97 रन बनाए। अक्षर ने 66 रन बनाए यह उनका आईपीएल में सर्वाधिक स्कोर रहा, जबकि पंत ने अपनी पारी में पांच चौके और आठ छक्के लगाए। ऋषभ पंत का बड़ा विश्व रिकॉर्ड अपनी पारी के दौरान पंत ने एक टी20 मैच में एक गेंदबाज के खिलाफ एक बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का एक बड़ा विश्व रिकॉर्ड बनाया। 26 वर्षीय पंत ने अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहित शर्मा की 18 गेंदों में 62 रन



**पंत ने बनाया रिकॉर्ड**

पंत ने 20वें ओवर में मोहित पर फिर छक्का लगा दिल्ली को दो सौ के पार कराया। पंत यहीं नहीं रुके उन्होंने तीसरी गेंद पर चौका और अगली तीन गेंदों पर फिर छक्के जड़ दिए। उन्होंने कुल आठ छक्के लगाए, जिसमें सात छक्के मोहित पर जड़े। इस ओवर में 31 रन आए। पंत 43 गेंद में 88 रन बनाकर नाबाद लौटे। पंत ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 19वां 50+ का स्कोर बनाया। वह इस टीम के लिए सबसे ज्यादा बार 50+ का स्कोर बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। इस लिस्ट में शीर्ष पर डेविड वॉर्नर हैं, जिन्होंने 24 बार ऐसा किया है।

बनाए, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल है। यह दुनिया भर में किसी भी टी20 मैच में किसी भी बल्लेबाज द्वारा एक गेंदबाज के खिलाफ सिर्फ सबसे अधिक रन नहीं हैं, बल्कि किसी खिलाड़ी द्वारा एक गेंदबाज के खिलाफ एक ही पारी में 60+ रन बनाने का पहला रिकॉर्ड भी है। वहीं, पंत आईपीएल इतिहास में विराट कोहली (उमेश यादव) और हाशिम अमला (लसिथ मलिंगा) के बाद किसी गेंदबाज के खिलाफ 50+ रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। पंत लीग के 17 सीजन के इतिहास में एक आईपीएल मैच में एक गेंदबाज के खिलाफ 50+ रन बनाने वाले केवल तीसरे खिलाड़ी हैं। हालांकि, पंत ने विराट और अमला को पीछे छोड़ते हुए लीग में पहली बार किसी गेंदबाज के खिलाफ 60 से ज्यादा रन बनाए। विराट और अमला इस आंकड़े को नहीं छू पाए थे। मोहित के नाम अनचाहा रिकॉर्ड मोहित शर्मा ने चार ओवर में 73 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उन्होंने इसी के साथ एक अनचाहा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। वह आईपीएल इतिहास के एक मैच में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड बसिल थम्पी के नाम था। उन्होंने 2018 में बेंगलुरु के खिलाफ 70 रन लुटाए थे। अक्षर-पंत ने संभाली पारी अक्षर पटेल ने राशिद खान पर चौका लगाकर 37 गेंद में आईपीएल में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 43 गेंद में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 66 रन बनाए। वहीं, दूसरी ओर पंत का मोहित पर प्रहार जारी रहा। उन्होंने 18वें ओवर में छक्का लगाकर 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह पंत का आईपीएल में 18वां अर्धशतक रहा। पिछले मैच के मैन ऑफ द मैच साई किशोर को गिल 19वें ओवर में आक्रमण पर लाए, लेकिन ट्रिस्टन स्टब्स ने उन पर दो चौके और दो छक्के जड़े। इस ओवर में 22 रन आए। दिल्ली ने आखिरी पांच ओवर में 97 रन बनाए दिल्ली ने आखिरी पांच ओवर में 97 रन बनाए, जो कि किसी पारी में आखिरी पांच ओवर में बनाए गए दूसरे सबसे ज्यादा रन हैं। इस मामले में शीर्ष पर बेंगलुरु की टीम है। उन्होंने 2016 में गुजरात लायंस के खिलाफ चिन्नास्वामी में आखिरी पांच ओवर में 112 रन बनाए थे।

# गुजरात के खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले अक्षर के नाम दर्ज हुई यह खास उपलब्धि, डुमिनी को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के अक्षर पटेल ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। दिल्ली ने इस मैच में चार रन से जीत दर्ज की। अपने हरफनमौला खेल के दम पर अक्षर ने एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए किसी मैच में बल्ले, गेंद और फील्डिंग से शानदार प्रदर्शन वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

**अक्षर का आईपीएल में दूसरा अर्धशतक**

अक्षर पटेल ने 15वें ओवर में राशिद खान पर चौका लगाकर 37 गेंद में आईपीएल में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया। दिल्ली ने 15 ओवर में तीन विकेट पर 127 रन बनाए थे। पंत ने 16वें ओवर में मोहित पर दो छक्के लगाए। इस ओवर में 16 रन आए। इस दौरान दोनों ने 64 गेंद में शतकीय साझेदारी भी पूरी कर ली। अक्षर ने नूर पर अपना तीसरा छक्का लगाकर दिल्ली को 150 के पार कराया। अगली गेंद पर उन्होंने एक छक्का जड़ा, लेकिन लगातार तीसरा छक्का लगाने के प्रयास में वह लांग ऑन बाउंड्री पर साई किशोर की ओर से कैच किए गए। उन्होंने 43 गेंद में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 66 रन बनाए।

**मैच में क्या हुआ?**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 224 रन बनाए थे। कप्तान ऋषभ पंत ने 43 गेंद में नाबाद 88 रन और अक्षर पटेल ने 66 रन बनाए थे। जवाब में गुजरात की टीम 20 ओवर की समाप्त के बाद आठ विकेट पर 220 रन ही बना सकी। डेविड मिलर ने 23 गेंद में 55 रन और साई सुदर्शन ने 39 गेंद में 65 रन की पारी खेली। यह गुजरात की दिल्ली के खिलाफ लगातार दूसरी हार है। इससे पहले अहमदाबाद में भी दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ छह विकेट से जीत हासिल की थी। इस जीत के साथ दिल्ली की टीम अंक तालिका में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर आ गई है। उसने नौ मैचों में से चार में जीत हासिल की है। वहीं, गुजरात की टीम सातवें से आठवें स्थान पर लुढ़क गई है। उसने भी नौ में से पांच मैच गंवाए हैं और उसके भी आठ अंक हैं। हालांकि, नेट रन रेट में गुजरात की टीम दिल्ली से पीछे है।




**दिल्ली के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बने**

अक्षर दिल्ली के लिए किसी मैच में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी बन गए। अक्षर ने इस मैच में 66 रन बनाने के अलावा 28 रन देकर एक विकेट झटका, जबकि शानदार फील्डिंग करते हुए तीन कैच भी लपके। उन्होंने इस मामले में जेपी डुमिनी को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2015 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के लिए 54 रन बनाए थे और 17 रन देकर चार विकेट लेने के अलावा दो कैच भी पकड़े थे। तीसरे नंबर पर पॉल कॉलिंगवुड हैं जिन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 2010 में 53 रन बनाने के साथ ही सात रन देकर एक विकेट लिया था और एक कैच पकड़ा था।

**रन चेज के दौरान अंतिम ओवर में बना पांचवां सर्वश्रेष्ठ स्कोर**

गुजरात और दिल्ली के बीच इस मैच में एक और दिलचस्प चीज देखने मिली। गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम चार ओवर में 68 रन बनाए जो रन चेज के दौरान आखिरी 24 गेंदों पर बनाया गया संयुक्त रूप से पांचवां सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। हालांकि गुजरात इतने रन बनाने के बावजूद जीत दर्ज करने में विफल रही। आईपीएल रन चेज के दौरान अंतिम चार ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड मुंबई इंडियंस के नाम है जिसने 2020 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 79 रन बनाए थे।

# संजय मांजरेकर के अनुसार कुलदीप यादव बना चुके हैं टीम में जगह

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को चैंपियन गेंदबाज करार दिया। उन्होंने साथ ही कहा कि कुलदीप आईपीएल 2024 में अपनी शानदार फॉर्म के चलते टी20 विश्व कप टीम में जगह बना चुका है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाले कुलदीप ने एक बार फिर गुजरात टाइटंस के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में बेहतीन प्रदर्शन किया और टीम को चार रन से मिली रोमांचक जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। टी20 विश्व कप का आयोजन जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होगा। कुलदीप ने गुजरात के खिलाफ चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने महत्वपूर्ण समय में राहुल तेवतिया का विकेट लिया जो टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन का दिन नजदीक आ रहा है, ऐसे में मांजरेकर का मानना है कि कुलदीप ने



अपनी जगह टीम में पक्की कर ली है। उन्होंने कहा कि कुलदीप जसप्रीत बुमराह और युजवेंद्र चहल की तरह ही फिलहाल अपनी पीक पर चल रहे हैं। 'जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार हैं कुलदीप' मांजरेकर का मानना है कि कुलदीप अब जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार हैं और अपनी टीम को महत्वपूर्ण विकेट दिला रहे हैं। मांजरेकर ने कहा कि कुलदीप को टी20 विश्व कप में रवींद्र जडेजा के बाद दूसरा स्पिनर होना चाहिए। उन्होंने कहा, कुलदीप प्रतिभा और आत्मविश्वास के मामले में अपने करियर के पीक पर चल रहे हैं। आप उन्हें बुमराह और चहल की तरह ही देख सकते हैं। उन्होंने यह सम्मान कमाया है। कुलदीप अब जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार हैं। गुजरात के खिलाफ भी हमने देखा जब दिल्ली को विकेट की दरकरार थी तो कुलदीप ने तेवतिया का विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया। इसलिए अब कुलदीप चैंपियन गेंदबाज के तौर पर उभर गए हैं। मेरे अनुसार, जडेजा को लेफ्ट ऑर्म स्पिनर और कुलदीप के दूसरे स्पिनर के तौर पर खिलाना चाहिए। पर्पल कैप की दौड़ में बने हुए हैं कुलदीप गुजरात के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन के बाद कुलदीप आईपीएल 2024 में पर्पल कैप की दौड़ में बने हुए हैं। कुलदीप इस लिस्ट में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। छह मैचों में कुलदीप ने 7.62 की इकॉनोमी रेट से 12 विकेट चटकाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स का सामना अब शनिवार को मुंबई इंडियंस के साथ होगा।

# सुबह उठकर एक पर्व की तरह मतदान करें : अमरजीत सिंह बिड्डी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बागपत लोकसभा क्षेत्र के मोदीनगर विधानसभा में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के चुनाव प्रचार में विभिन्न गांवों में मीरपुर विधायक और बिजनौर लोकसभा प्रत्याशी चन्दन चौहान, अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ, जगत सिंह दौसा, प्रमुख कपिल मुखिया, अमित प्रधान आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

विधायक चंदन चौहान जी ने कहा मुझे बिजनौर में सर्वसमाज ने सपोर्ट किया है और जाट कैंडिडेट सामने होने के बाद भी मुझे जाटों का सौ पर्सेंट वोट मिला है।



## डॉ. राजकुमार सांगवान को नल के चुनाव चिन्ह पर वोट देकर विजयी बनाएं

**(करंट क्राइम)।** मेरा आप सबसे निवेदन है यह बिजनौर का बदला सर्वसमाज के साथ गुर्जर बिरादरी डॉ. राजकुमार सांगवान को नल के चुनाव चिन्ह पर ज्यादा से ज्यादा मतदान करके एनडीए गठबंधन को जिताने का काम करें। चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा पहले मतदान फिर जलपान सभी सुबह उठकर एकजुट होकर एक पर्व की तरह मतदान करें, उसके बाद ही जलपान करें एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर लोकसभा में भेजने का काम करें। इस अवसर पर रणवीर पहलवान डीलना, दलबीर सिंह मुरादाबाद, अर्जुन ढिंढाला, रविंद्र मोदी प्रधान हरेंद्र प्रधान विशाल हरि ओम आदि उपस्थित रहे। भटजन, चुडीयाला, ढीलना आदि गांव में जाकर जनसंपर्क कर नल के निशान पर ज्यादा से ज्यादा वोट करने को कहा। सभी ग्राम वासियों ने आश्वासन दिया कि हम ज्यादा से ज्यादा वोट नल के निशान पर देकर डॉ. राजकुमार सांगवान को भारी मतों से विजई बनाएंगे।

# स्वीप नोडल प्रभारी/ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में 'संगीतमय शाम – लोकतंत्र के नाम' कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकतंत्र का महापर्व- मतदान दिवस आ पहुंचा है। मतदान दिवस पर प्रत्येक मतदाता को उसकी जिम्मेदारी का एहसास कराने के उद्देश्य से राजनगर स्थित गौर मॉल के बाहर लाइव बैंड की सुरीली धुनों और उभरते हुए कलाकारों के साथ स्वीप नोडल प्रभारी/ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में 'संगीतमय शाम - लोकतंत्र के नाम' स्वीप टीम के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल और उनकी पूरी टीम भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। एक्सीलेंट आर्केस्ट्रा बैंड के साथ, उभरते हुए कलाकार गौरव, डॉक्टर महेश व्हाइट, कुणाल मुद्गल और जन्मांध मेहराज ने अपने सुरीले नगमों से हर आते-जाते का मन मोह लिया।



हर कलाकार ने अपने अंदाज में वोट डालने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कर रही पूनम शर्मा ने पूरे कार्यक्रम में अनेक बार आम जनता से मतदान संबंधी प्रश्न पूछे और सही जवाब देने पर उन्हें टी-शर्ट और कैप देकर सम्मानित किया।

**जन्मांध कलाकार मेहराज ने अपने नगमों से दिया बहुत बड़ा सन्देश :** इस अवसर पर जन्म से ना देख पाने वाली कलाकार मेहराज ने कहा कि मैं अपना वोट जरूर डालूंगी और आप मुझे देखिएगा लेकिन आज मैं आप सब से वादा लेकर जाऊंगी कि आप भी अपनी जिम्मेदारी पूरी करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कार्यक्रम में आकर टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया और कलाकारों और टीम के साथ 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा' गीत गुनगुनाया। इसके बाद उन्होंने कलाकारों के गीतों का आनन्द लिया। गौरव कुमार, कुणाल मुद्गल और महेश द्वारा संयुक्त रूप से गाए गीत 'संदेशे आते हैं, हमें तड़पाते हैं कि घर कब आओगे' सुनने के बाद मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने सभी की भरपूर सराहना की और बुलंद आवाज में वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि इस गीत के बोल आप सभी ने सुने 'मैं वापस आऊंगा' लेकिन इसके पीछे एक वाक्य और छिपा है और वह है कि मैं वापस आऊंगा और वोट डालकर जरूर जाऊंगा। ये शब्द हम सबको सोचने के लिए मजबूर कर रहे हैं। 26 अप्रैल को प्रत्येक गाजियाबाद वासी घर नहीं बैठेगा वह एक संकल्प के साथ सुबह उठकर पहले वोट डालेगा, बाद में कोई और काम करेगा और अपनी उंगली पर लगी अमिट स्याही पर फख्र कर सकेगा। यह लोकतंत्र की मांग है कि हर वोटर मतदान अवश्य करें।

## चीफ वॉर्डन ललित जायसवाल ने आम जनता से की वोट डालने की अपील



**(करंट क्राइम)।** चीफ वॉर्डन ललित जायसवाल ने भी आम जनता से वोट के महत्व को समझते हुए वोट डालने की अपील की। कार्यक्रम में नींव शक्ति संस्था से रोहित, निखिल, सोच एनजीओ से शिवांगी, गीतांजलि वेलफेयर एसोसिएशन से वंदना चौधरी, सिविल डिफेंस से राजेंद्र कुमार, संध्या त्यागी, सुनीता भाटिया एवं टीम, डीवीएफ से तनुज, सोशल मीडिया से ऋतिक, बेसिक शिक्षा विभाग के स्वीप सदस्य विनीता त्यागी, अंशु सिंह, नीतू सिंह, आरती वर्मा और वाणी शर्मा मौजूद रहे। उप जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम विश्नोई ने अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर टीम के सदस्यों को कैप और टी शर्ट वितरित की।

## न्यूज डायरी

### पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया

**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी विधान सभा क्षेत्र के कुल 146 मतदान केन्द्रों और 530 बूथों पर मतदान होगा। गुरुवार को टीला गांव के डीपीएस स्कूल में एकत्र हुई पोलिंग पार्टियां दोपहर दो बजे के बाद ईवीएम मशीन आदि देकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाने लगा था। देर शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों पर पहुंच जाऐगी। मतदान डयूटी में लगे र्किमयों के लिए डीपीएस स्कूल में खाने पीने आदि की उचित व्यवस्था की गई थी। जबकि पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीन बांटने के लिए स्कूल प्रांगण में टेंट लगाए गए थे। जहां से सभी को उनकी दी गई जिम्मेदारी के अनुसार ईवीएम देकर रवाना किया गया। कुछ मतदान कर्मी चिलचिलाती धूप में टेंट के नीचे बैठकर अपनी पारी आने का इंतजार करते नजर आए।

### महिला के साथ मारपीट, पति सहित दस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की पठानान कॉलोनी में दहेज में कार व पांच लाख रुपए की नकदी ना लाने पर महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने पति सहित दस लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव काकड़ा निवासी रीना की शादी सन 2014 में मुरादनगर की पठानान कॉलोनी निवासी प्रवीन के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही कम दहेज लाने को लेकर महिला के साथ मारपीट की जाने लगी। काफी समय से दहेज में कार व पांच लाख रुपए की नकदी की मांग की जाने लगी। फरवरी माह में ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति प्रवीण, देवर नवीन, अविनाश, सास, ननद, पति की बुआ समेत दस लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चौकी से भागा मारपीट का आरोपी

**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस द्वारा पकडा गया आरोपी सुबह पानी पीने के बहाने डाबर तालाब चौकी से भाग गया। पुलिस उसके पीछे भागी, लेकिन हाथ नही आया। एक नवयुवक ने उसे दबोचकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को नसीहत देकर थाने भेज दिया है। सोमवार सुबह मारपीट के एक मामले में अंकुर विहार थाने की अल्वीनगर कॉलोनी के एक युवक को डाबर तालाब चौकी पर बैठाया गया था। सुबह करीब 10.15 बजे आरोपी पानी पीने के बहाने चौकी से बाहर आ गया और पुलिसकर्मियों को गच्चा देकर तेजी के साथ भाग निकला। पुलिसकर्मी उसके पीछे दौडे, लेकिन वह दूर निकल चुका था। इसी दौरान एक नवयुवक ने उसे पीछा कर दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने उसके इस कृत्य के लिए उसे जमकर नसीहत दी और कार्रवाई के लिए थाने भेज दिया।

### मतदान केन्द्रों पर धीमी गति से चल रहे पंखे

**लोनी (करंट क्राइम)।** मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। उनके खाने पीने का इंतजाम ठीक है, लेकिन गर्मी की रात में सोने के लिए कूलर आदि का इंतजाम नही है, पंखें भी आधे अधूरे चल रहे हैं। शाम छह बजे लोनी इंटर कॉलेज में मतदान कर्मी चाय पीते नजर आए, लेकिन उनकी शिकायत थी कि कमरों में लगे पंखे बहुत धीमे चल रहे हैं और कूलर आदि नही हैं। जबकि महिलाकर्मियों ने शौचालयों में दरवाजे टूटे होने की शिकायत की। जबकि बलरामनगर के सरस्वती शिशु मंदिर में मतदान कर्मियों के लिए खाने पीने, सोने, नहाने धोने आदि का उचित इंतजाम था।

## लोनी में मानवता हुई शर्मसार, कुत्ते के तीन बच्चों को मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जलाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी इलाके के हयात एनक्लेव कॉलोनी में बुधवार रात एक दंपति ने कुत्ते के चार बच्चों को मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जला दिया गया। कुत्ते की मालकिन ने एक बच्चे को बचा लिया लेकिन वो भी आंशिक रूप से झुलस गया है। क्रूर घटना से इंसानियत शर्मसार हुई है। तो वहीं पुलिस को इस मामले में शिकायत मिली है। इस मामले में पुलिस को 112 नंबर पर भी कॉल की गई थी और अंकुर विहार थाना पुलिस ने पूरे मामले अभी मुकदमा नहीं लिखा गया है।

हालांकि एसीपी अंकुर विहार का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। अंकुर विहार के हयात कॉलोनी में रहने वाली कहकशा ने बताया कि करीब एक माह पूर्व उसकी फीमेल डॉग ने खाली प्लॉट में चार बच्चों को जन्म दिया था। आरोप है कि मोहल्ले में रहने

### पुलिस ने शिकायत पर जांच की शुरू

वाले एक दंपति ने अवैध रूप से नशीला पदार्थ बेचते हैं। रात के समय उनके यहां से नशीला पदार्थ खरीदने आने वालों को कुत्ते परेशान करते थे और इसी वजह से दंपती ने कुत्ते के चारों बच्चों पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी।

जिसमें तीन मौके पर ही जल गए और उनकी मृत्यु हो गई जबकि एक को झुलसी हालत में अस्पताल ले जाया गया, जो अभी गंभीर बना हुए है। पीड़ितों का कहना है कि मामले में पुलिस ने अभी ठीक प्रकार से कार्रवाई नहीं की है। हालांकि यह एक बेहद ही गंभीर और मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला है।

## नेहरू वर्ल्ड स्कूल की जे०ई०ई० मेन की उपलब्धि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सोमवार को जे०ई०ई० मेन परीक्षा का फाइनल परिणाम, कटऑफ रैंक घोषित की गया। जिसमें नेहरू गाजियाबाद के छात्रों ने आशातीत सफलता प्राप्त की। ध्रुव गौड़ ने 99.9972 के साथ ऑल इंडिया रैंक 109 के साथ गाजियाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल परीक्षा परिणाम में लगभग 40.00 प्रतिशत छात्रों ने 99.9972 से 93.23 परसेंटाइल के बीच अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय, विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए हर्ष का विषय है अब अगली परिक्षा जे०ई०ई०एडवांस 26 मई को होगी जिसमें एक बार फिर छात्रो का अपना दम दिखाना होगा।

नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद का विद्यालय प्रबंधन निदेशक श्री अरूणाम सिंह, हैड़ टीचर सुजैन होम्स व अध्यापक वर्ग सभी अपनी शुभकामनाएं छात्रों व उनके अभिभावकों को देते है ताकि वे अपनी भविष्य की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर सकें।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने कानून के छात्रों के लिए कार्यशाला का किया आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ ने कैरियर इन लॉ फाइल्ड विद स्पेशल रेफरेंस इन ज्यूडिशियल सर्विसेज विषय पर सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य कानून के बारे में ज्ञान प्रदान करना था और कानून स्नातक पाठ्यक्रम के दौरान कानूनी क्षेत्र में अध्ययन के तरीकों पर प्रकाश डाला। यह उत्साहपूर्ण सत्र एसजीयू चांसलर प्रो. डॉ. आर.के. खंडाल की उपस्थिति में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

जिन्होंने भारतीय दंड संहिता और भारतीय न्याय संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आदि पर अपने विचार विमर्श किये। (स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की निदेशक) डॉ. अन्नू बहल माहरा और सुंदर दीप कॉलेज ऑफ लॉ की विभागाध्यक्ष डॉ. उर्मिला जाटव ने कानून के क्षेत्र में, कैरियर के अवसर के बारे में भी चर्चा की।



### कानून के क्षेत्र में वैकल्पिक अवसर जानकर छात्र हुए प्रभावित

**करंट क्राइम।** प्रख्यात वक्ता स्पर्श जैन (निदेशक न्यायपालिका गोल्ड टॉप रैंकर्स) विशेष रूप से विभिन्न राज्यों की न्यायिक परीक्षा के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने विभिन्न राज्य न्यायपालिका परीक्षाओं की कुछ विशेषताओं का वर्णन किया और बताया कि कैसे कोई एक बार में एक या अधिक राज्यों की न्यायिक परीक्षा के लिए अपना अंक निर्धारित कर सकता है। कानून के क्षेत्र में वैकल्पिक अवसर जानकर छात्र बहुत प्रभावित हुए। सहायक प्रोफेसर मो. इमरान, शिप्रा, कंचन शर्मा एवं सीमा चौधरी एवं लकी शर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।





## आज होगा पुलिसिंग का रियल टेस्ट



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में शुक्रवार को आज मतदान के साथ पुलिसिंग का रियल टेस्ट होगा। हालांकि इस रियल टेस्ट के लिए पुलिस के शीर्ष अधिकारियों से लेकर थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों ने पूरी मेहनत के साथ अभी तक काम किया है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट के सभी बूथों पर देर शाम तक अर्ध सैनिक बलों और लोकल पुलिस की तैनाती कर दी गई थी। तो वहीं वेब कास्टिंग वाले काम का भी टेस्ट कर लिया गया है। आज सुबह से लेकर शाम तक की ड्यूटी को लेकर बड़ा चैलेंज है। गर्मी जहां पुलिस की मुस्तैदी को थोड़ा टेंशन दे सकती है, तो वही अर्धसैनिक बलों के हवाले सुरक्षा का जिम्मा पुलिस को पूरा सपोर्ट देगा। कुल मिलाकर लगभग साढ़े 29 लाख वाले वोटर्स को कंट्रोल करने के लिए हजारों की संख्या में पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। गाजियाबाद पुलिस के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन ट्रांस हिंडन, ग्रामीण और सिटी है। वहां सुरक्षा फुलप्रूफ कर दी गई है। इन इलाकों के डीसीपी और एसीपी साहब गुरुवार को धूप में वह सब काम देख चुके हैं, जो आज होने हैं। इसी के साथ चुनाव को पूरी तरीके से शांतिपूर्वक निपटाने के लिए तमाम व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई हैं। ड्रोन से लेकर लोकल पुलिसिंग के सहारे सुरक्षा का प्लान बनाया गया है। तो वहीं कमिश्नरेट के सभी शीर्ष अधिकारी शुक्रवार को ऑन रोड और ऑन ग्राउंड रहेंगे। सुना है कि चुनाव को जानने के लिए प्रेषक भी अलग-अलग स्थान पर पहुंचेंगे। कमिश्नरेट में शांतिपूर्वक चुनाव कराने के लिए क्यूआरटी भी गठित की गई हैं। किसी के साथ शुक्रवार को पुलिस का वह फेस भी दिखाई देगा जो पहले चुनाव में नहीं दिखाई देता था। इस बार अधिक छूट रहेगी लेकिन पोलिंग बूथ के आसपास का 200 मी का नजारा बदला हुआ रहेगा। नियम तोड़ने वालों पर सख्ती के साथ प्रहार होगा, तो वहीं शांतिपूर्वक मतदान करने का टास्क तीनों डीसीपी को दे दिया गया है। वहीं बुधवार की रात जूम वाली मीटिंग पर डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी के साथ मीटिंग वाला सेशन सक्सेसफुल रहा है। अब देखना होगा कि शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत हो रहा लोकसभा का पहला चुनाव कितना बेहतर ढंग से होता है। कितनी शांति रहती है और क्या मैनेजमेंट देखने को मिलता है। इसीलिए कहा जा रहा है शुक्रवार को मतदान के दौरान पुलिसिंग का रियल टेस्ट होने वाला है।

## नही रहे पूर्व कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष सुरेश चंद्र




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गंगाजल परियोजना इकाई उत्तर प्रदेश जल निगम गाजियाबाद में कार्यरत वरिष्ठ सहायक तथा पूर्व जनपद अध्यक्ष कर्मचारी महासंघ सुरेश चंद्र का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही जल निगम कर्मचारी महासंघ के पूर्व पदाधिकारी बीजेपी नेता व सहकारिता क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेन्द्र सारस्वत ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष के निधन की सूचना मिलने पर पूरे विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। सुरेश चंद्र अपने साथी कर्मचारियों में बेहद लोकप्रिय थे। उन्होंने कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष के रूप में सभी को साथ लेकर काम किया।

## सड़क हादसे में चार वर्षीय बच्ची की मौत

**लोनी (करंट क्राइम)।** सड़क हादसे में चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। जबकि उसकी मां, मौसा और मासूम भाई बहन बच गए। राहगीरों ने ट्रक चालक को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया है। बागपत निवासी आकिल की साली रिहाना कई दिनों से उनके घर आई हुई थी। सोमवार को आकिल उसे और उसके तीन छोटे छोटे बच्चों को बाइक पर बैठाकर पसोंडा गाजियाबाद उसकी ससुराल छोडने जा रहा था।

जैसे ही वह लोनी थाने के चिरोडी गांव पहुंचा सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। संतुलन बिगड जाने से उसकी बाइक सडक पर गिर गई। जिसमें रिहाना की चार वर्षीय बेटी अक्शा की मौत हो गई, आकिल गंभीर रूप से घायल हो गया। ढाई वर्षीय बेटा आरव तथा तीन माह की बेटी और रिहाना बाल बाल बच गए। आकिल को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि राहगीरों ने ट्रक चालक को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया है।



शोक संदेश

प्रमोद कुमार गुप्ता

मान्यवर,

अत्यंत दुखः के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय प्रमोद कुमार गुप्ता (एडवोकेट) 14 अप्रैल को गोलोकधाम सिधार गए हैं। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी शोक सभा 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम : शोकसभा/ पुष्पांजलि
26 अप्रैल, दिन शुक्रवार
समय : दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक

स्थान
इंपीरियल गार्डन एंड रिसोर्ट, हापुड़ रोड, नियर पुलिस लाइन, गोविंदपुरम के सामने।

शोकाकुल परिवार
राम अवतार गुप्ता (पिता)
आशुतोष गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार (भाई)
गौरांग गर्ग (पुत्र)

आशुतोष गुप्ता 9313611871, गौरांग गर्ग 9717569694




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मां पूरे परिवार की धुरी होती है। मां अपने आप में एक संस्कार है, मां बच्चे की प्रथम पाठशाला होती है। दिनेश गुर्जर की मम्मी की तबियत में अब काफी सुधार है। अपनी मां के स्वास्थ लाभ और कुशल क्षेम की जानकारी देते हुए दिनेश गुर्जर ने यह फेसबुक पोस्ट बनाई तो सभी को ये पसंद आई। सभी ने माता जी के स्वास्थ की जानकारी ली। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी



वोट इंडिया वोट





# मतदान प्रक्रिया में अवश्य भाग लें



# मतदाता होने पर गर्व महसूस करें

म तदान निर्णय लेने या अपना विचार प्रकट करने की एक विधि है जिसके द्वारा कोई समूह (जैसे कोई निर्वाचन क्षेत्र या किसी मिलन में इकट्ठे लोग) विचार-विनिमय तथा बहस के बाद कोई निर्णय ले पाते हैं। मतदान की व्यवस्था के द्वारा किसी वर्ग या समाज का सदस्य राज्य की संसद या विधानसभा में अपना प्रतिनिधि चुनने या किसी अधिकारी के निर्वाचन में अपनी इच्छा या किसी प्रस्ताव पर अपना निर्णय प्रकट करता है। इस दृष्टि से यह व्यवस्था सभी चुनावों तथा सभी संसदीय या प्रत्यक्ष विधिनिर्माण में प्रयुक्त होती है। अधिनायकवादी सरकार में अधिनायक द्वारा पहले से लिए गए निर्णयों पर व्यक्ति को अपना मत प्रकट करने के लिए कहा जा सकता है, परंतु अपने निर्णयों को आरोपित करने के अधिनायक के विभिन्न ढंग इस प्रकार के मतदान को केवल औपचारिक प्रविधि तक सीमित कर देते हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024

## आज गाजियाबाद में मतदान

## मतदान का इतिहास



प्राचीन भारत में गुटिकापात के अतिरिक्त मतदान द्वारा भी अधिकारियों के निर्वाचन की व्यवस्था थी। धार्मिक संस्थाओं में, विशेषतः बौद्ध संघों में, निर्वाचन के निश्चित नियमों का पालन किया जाता था। चुल्लबग्ग में साक्य द्वारा मतदान की तीन प्रविधियों का उल्लेख है : गुप्त मतदान, कान में कहकर मत प्रकट करने की, प्रविधि तथा खुला मतदान। गुप्त मतदान के लिये बौद्ध संघ मतपरिपत्र के रूप में रंगीन काष्ठ शलाकाओं का प्रयोग करते थे। शलाकाओं का संग्राहक मतदाताओं को रंगों के अर्थ समझाकर उनके मत संग्रह करता था और बहुमत का निर्णय मान्य होता था।

यूरोप में प्राचीन यूनान तथा इटली में मतदान की व्यवस्था अंकुर रूप में विद्यमान थी। प्राचीन राजतंत्रों में यह प्रचलन था कि कुछ गंभीर विषयों पर स्वयं निर्णय लेने के पूर्व राजा अपनी प्रजा की सहमती प्राप्त करने के लिये उसे आमंत्रित करे। ऐसी सभाओं में मत प्रकट करने का ढंग मौखिक था। एथेंस में गुटिकापात के अतिरिक्त जहाँ मतदान की व्यवस्था थी वहाँ हाथ उठाकर मत प्रकट करने की प्रथा थी। परंतु किसी व्यक्ति के सामाजिक स्तर पर प्रभाव डालने वाले विषयों पर गुप्त मतदान की व्यवस्था नहीं थी।। रोम में ईद्द पूद्द दूसरी शताब्दी तक मतदान का ढंग विभाजन का (अर्थात एक मत के लोगों का दूसरे मत के लोगों से अलग हो जाना) था। परंतु अधिकतर मतदाताओं का सामंतों पर आर्थिक तथा सामाजिक अवलंब होने के कारण यह व्यवस्था स्वतंत्र मतदान के लिये उपयुक्त न हो सकी। अतः विधान द्वारा मतपरिपत्र की व्यवस्था की गई जिसके लिये मोमरंजित काष्ठशलाका प्रयुक्त होती थी।

## मतदान का महत्त्व



आधुनिक जनतंत्रों के मतदान के महत्त्व तथा उसकी प्रणाली के संबंध में विभिन्न सिद्धांत प्रतिपादित किए गए हैं। इन सिद्धांतों के फलस्वरूप, आवश्यकता के समय संघर्ष निवारण की सामाजिक प्रविधि के रूप में; शासन सत्ता के प्रति अनुवृत्ति प्राप्त करने के ढंग के रूप में; सामाजिक संघर्ष के बीच सामंजस्य स्थापित करने के साधन के रूप में; ठीक परिस्थितियों में ठीक निर्णय प्राप्त करने की पद्धति के रूप में, सामाजिक आवश्यकताओं तथा असंतोषों को अनावृत्ति की व्यवस्था के रूप में; तथा अल्पसंख्यकों को राज्य के लाभों से वंचित रखने की व्यवस्था से बचाने के ढंग के रूप में, मतदान को मान्यता प्राप्त हुई है। हाल में, इस समस्या पर यथेष्ट ध्यान दिया जाने लगा है कि जिन्हें मताधिकार प्राप्त है वे किस सीमा तक इस अधिकार के प्रयोग में भाग लेने का कष्ट करते हैं। इस विषय में की गई खोज के अनुसार उन जनतंत्रात्मक देशों के लोग मतदान में अधिकतम संख्या में भाग लेते हैं जहाँ अनिवार्य मतदान की व्यवस्था अपनाई गई है। अनिवार्य मतदान का सिद्धांत सर्वप्रथम विस्तार के साथ स्विट्जरलैंड के सेंटगैलेन नामक कैंटन में व्यवहत हुआ जिसके लिये सन्‌ 1835 ईद्द में इसे कैंटन ने जिला परिषद्के चुनावों में अकारण भाग न लेनेवालों के लिये विधान द्वारा अर्थदंड की व्यवस्था की। यह व्यवस्था स्विस नागरिकों को मताधिकार के उत्तरदायित्व का अनुभव कराने में सफल हुई है। साथ ही, इस व्यवस्था के फलस्वरूप मतदाताओं को मतदान में संमिलित होने के लिये उन्हें घर से बाहर लाने का राजनीतिक संगठनों का कार्यभार भी हल्का हुआ है। इसी प्रकार बवेरिया ने सन 1881 ईद्द में, बुलगेरिया ने सन्‌1882 ईद्द तथा बेल्जियम ने सन्‌ 1893 ईद्द अनिवार्य मतदान की व्यवस्था अपनाई। बवेरिया की व्यवस्था के अनुसार यदि मतदाताओं की पूरी संख्या के एक तिहाई से अधिक लोग मतदान में भाग नहीं लेते तो अनुपस्थित मतदाताओं को पुनः चुनाव कराने का पूरा व्यय वहन करना पड़ेगा। बेल्जियम ने अनुपस्थित मतदाताओं के लिये तीन दंड निर्धारित किए अंतर्विवेक पर- अर्थ दंड, सार्वजनिक भर्त्सना या कहे लज्जनवित करना तथा मताधिकार अपहरण।

अनिवार्य मतदान के विपक्ष में सामान्यतः यह कहा जाता है कि यह व्यवस्था आधारित आपत्ति करनेवाले के लिये कोई स्थान नहीं छोड़ती, तथापि मतदान न करने वालों का चरित्र उतना महत्वपूर्ण विषय नहीं है जितना इस बात पर ध्यान देना कि मत प्राप्त करने के लिये किन साधनों का प्रयोग किया जाता है। यदि किसी देश में अनुचित साधनों द्वारा केवल विशिष्ट उद्देश्यों एवं स्वार्थों की पूर्ति के लिये सचेष्ट राजनीतिक संगठन ही मतदाताओं को मतदान में संमिलित होने की प्रेरणा देते हैं, तथा इस प्रकार अपने पक्ष में उनके मत संग्रह करते हैं तो निश्चय ही निर्वाचन तथा मतदान का प्रबंध सरकार के हाथों सौपना अधिक श्रेयस्कर होगा ताकि यह कार्य अधिक उत्तरदायित्व के साथ संपन्न हो सके।

## क्या है मताधिकार

राज्य के नागरिकों को देश के संविधान द्वारा प्रदत्त सरकार चलाने के हेतु, अपने प्रतिनिधि निर्वाचित करने के अधिकार को मताधिकार कहते हैं। जनतांत्रिक प्रणाली में इसका बहुत महत्व होता है। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार प्रदान किया जाय।

जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है। इस प्रकार हमारा देश संसार के जनतांत्रिक देशों में सबसे बड़ा है क्योंकि हमारे यहाँ मताधिकार प्राप्त नागरिकों की संख्या विश्व में सबसे बड़ी है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 एक सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को निर्वाचित सरकार के सभी स्तरों के चुनावों के आधार के रूप में परिभाषित करता है। सर्वजनीन मताधिकार से तात्पर्य है कि सभी नागरिक जो 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के हैं, उनकी जाति या शिक्षा, धर्म, रंग, प्रजाति और आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद वोट देने के लिए स्वतंत्र हैं।

नवीन संविधान लागू होने के पूर्व भारत में 1935 के ₹गवर्नमेंट ऑव इंडिया ऐक्ट₹ के अनुसार केवल 13 प्रति शत जनता को मताधिकार प्राप्त था। मतदाता की अर्हता प्राप्त करने की बड़ी बड़ी शर्तें थीं। केवल अच्छी सामाजिक और आर्थिक स्थिति वाले नागरिकों को मताधिकार प्रदान किया जाता था। इसमें विशेषतया वे ही लोग थे जिनके कंधों पर विदेशी शासन टिका हुआ था।

अन्य पश्चिमी देशों में, जनतांत्रिक प्रणाली अब पूर्ण विकसित हो चुकी है, एकाएक सभी वयस्क नागरिकों को मताधिकार नहीं प्रदान किया गया था। धीरे धीरे, सदियों में, उन्होंने अपने सभी वयस्क नागरिकों को मताधिकार दिया है। कहीं कहीं तो अब भी मताधिकार के मामले में रंग एवं जातिभेद बरता जाता है। परंतु भारतीय संविधान ने धर्मनिरपेक्षता का सिद्धांत मानते हुए और व्यक्ति की महत्ता को स्वीकारते हुए, अमीर गरीब के अंतर को, धर्म, जाति एवं संप्रदाय के अंतर को, तथा स्त्री पुरुष के अंतर को मिटाकर प्रत्येक वयस्क नागरिक को देश की सरकार बनाने के लिए अथवा अपना प्रतिनिधि निर्वाचित करने के लिए ₹मत₹ (वोट) देने का अमूल्य अधिकार प्रदान किया है।

संविधान लागू होने के बाद पिछले वर्षों में भारतीय जनता ने अपने मताधिकार के पवित्र कर्त्तव्य का समुचित रूप से पालन करके प्रमाणित कर दिया है कि उसे जनतंत्र में पूर्ण आस्था है।

इस दृष्टि से भी भारतीय जनतंत्र का विशेष महत्व है।

# लोकसभा के आम चुनाव का संक्षिप्त इतिहास

## भारत में 18वीं लोकसभा का चुनाव, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व

### पहली लोकसभा - 1952 - 1957
**कुल सीटें: 499**

लोकसभा का पहला चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक चला, जिसमें 68 चरणों मे मतदान हुआ था। हिमाचल प्रदेश की चीनी और पांगी तहसीलों में सबसे पहले मत डाले गए थे।

कांग्रेस पार्टी 364 सीटों के साथ विजयी हुई, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) 49 में से 16 सीटें हासिल करके दूसरे स्थान पर रही। सोशलिस्ट पार्टी (इंडिया) ने जयप्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया के साथ मिलकर 254 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें से मात्र12 सीटें हासिल कीं।

### दूसरी लोकसभा - 1957 - 1962
**सीटें: 505**

उन्होंने पं. नेहरू के नेतृत्व में 494 लोकसभा सीटों में से 371 सीटें जीतकर आसानी से सत्ता में दूसरा कार्यकाल हासिल कर लिया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 27 सीटों के साथ दूसरे और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी 19 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। विशेष रूप से, यह चुनाव 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम के कार्यान्वयन के बाद होने वाला पहला चुनाव था।

### तीसरी लोकसभा - 1962 - 1967
**सीटें: 508**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) ने 44.72% मत के साथ बहुमत हासिल किया, उसके बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (9.94%) और स्वतंत्र पार्टी ने अपना पहला चुनाव लड़ा और 7.89% वोट शेयर हासिल किया। कांग्रेस ने तीसरी बार सरकार बनाई लेकिन उसे आंतरिक असंतोष के शुरूआती संकेतों का सामना करना पड़ा।

### चौथी लोकसभा - 1967 - 1970
**कुल सीटें: 523**

इस चुनाव के बाद भारत की पहली और एकमात्र महिला प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी सत्ता में आईं और देश की आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए नीतियां लागू कीं। हालाँकि, कांग्रेस पार्टी के भीतर आंतरिक कलह ने उनकी स्थिरता को खतरे में डाल दिया, जिससे गठबंधन सरकारों का उदय हुआ।

### 5वीं लोकसभा - 1971 - 1977
**कुल सीटें: 521**

इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी ने 352 सीटों का विशाल बहुमत हासिल किया और सरकार पर उसका लगभग पूरा नियंत्रण स्थापित हो गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) 25 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही, उसके बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) 23 सीटों पर जीत हासिल की।

### छठी लोकसभा - 1977 - 1980
**कुल सीटें: 544**

जनता पार्टी के मोरारजी देसाई 81 साल की उम्र में भारत के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधान मंत्री बने। 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस पार्टी में एक महत्वपूर्ण उलटफेर हुआ, क्योंकि वह भारतीय इतिहास में पहली बार बहुमत हासिल करने में विफल रही।

### 7वीं लोकसभा - 1980 - 1984
**कुल सीटें: 531**

जनवरी 1980 में, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 353 सीटों का दावा करते हुए, सबसे कम सीटों पर चुनाव जीता। जनता पार्टी (एस) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने क्रमशः 41 और 37 सीटें जीतीं।

### 8वीं लोकसभा - 1984 - 1989
**कुल सीटें: 516**




कांग्रेस पार्टी ने रिकॉर्ड 414 सीटें हासिल कीं, उसके बाद टीडीपी को 30 और सीपीएम को 22 सीटें मिलीं। भाजपा ने दो सीटें जीतीं, एक गुजरात में और दूसरी आंध्र प्रदेश (जो अब तेलंगाना है) में।

### 9वीं लोकसभा - 1989 - 1991
**कुल सीटें: 531**

नेशनल फ्रंट गठबंधन ने पहली बार निचले सदन में बहुमत दल के बिना सरकार बनाई। तब जनता दल के वी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

### 10वीं लोकसभा - 1991 - 1996
**कुल सीटें: 508**

1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने 232 सीटें जीतीं, बीजेपी ने 120 सीटें जीतीं और जनता दल ने 59 सीटें जीतीं।

### 11वीं लोकसभा - 1996 - 1998
**कुल सीटें: 545**

1996 के आम चुनावों में जाति-आधारित और क्षेत्रीय राजनीति में वृद्धि देखी गई क्योंकि कांग्रेस सरकार से आम जनता का मोहभंग हो गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 161 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी, उसके बाद कांग्रेस 140 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही, और जनता दल 46 सीटों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### 12वीं लोकसभा - 1998 - 1999
**कुल सीटें: 545**

भाजपा ने सबसे अधिक सीटें (182) जीतीं, उसके बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 141 सीटों के साथ और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने 32 सीटों के साथ जीत हासिल की। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने सरकार बनाई और मार्च 1998 में वाजपेयी ने दूसरी बार प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली, और 13 महीने तक सेवा की।

### 13वीं लोकसभा - 1999 - 2004
**कुल सीटें: 545**

1999 के भारतीय आम चुनाव 5 सितंबर से 3 अक्टूबर 1999 के बीच पांच चरणों में हुए, जो उस समय स्वतंत्र भारत में आम चुनाव के लिए सबसे लंबा राजनीतिक अभियान था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 182 सीटों पर चुनाव जीता, उसके बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) ने 114 सीटों के साथ और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने 33 सीटों के साथ जीत हासिल की।

### 14वीं लोकसभा - 2004 - 2009
**कुल सीटें: 545**



मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की और सूचना का अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जैसे महत्वपूर्ण कानून पारित किए। छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड राज्यों में पहला चुनाव हुआ। कांग्रेस पार्टी 145 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि बीजेपी 138 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### 15वीं लोकसभा - 2009 - 2014
**सीटें: 545**

कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम और आंध्र प्रदेश के पुनर्गठन सहित प्रमुख कानून पारित करके सत्ता बरकरार रखी। आर्थिक मंदी और भ्रष्टाचार घोटालों के बोझ तले सरकार चरमरा गई।स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व उपप्रधानमंत्री जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार को लोकसभा की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।


### 16वीं लोकसभा - 2014 - 2019
**कुल सीटें: 545**

भाजपा ने कांग्रेस की जड़ता और भ्रष्टाचार को चुनौती देते हुए 'अच्छे दिन' के वादे के साथ जीत हासिल की। नोटा का विकल्प पहली बार प्रस्तुत किया गया। बीजेपी ने 282 सीटें जीतीं, कांग्रेस ने 37 सीटें जीतीं. सुमित्रा महाजन को लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया।

### 17वीं लोकसभा - 2019 - 2024
**कुल सीटें: 545**

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दुनिया में हुए अब तक के सबसे बड़े चुनाव में 350 सीटें जीतकर सत्ता हासिल की। 11 अप्रैल से 23 मई के बीच सात चरणों में 543 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव कराए गए। राष्ट्रीय सुरक्षा, कोविड-19 महामारी, किसानों की अशांति, सांप्रदायिक झड़पें, सीएए विरोध और अनुच्छेद 370 को निरस्त करना इस विभाजनकारी अवधि की कुछ अंतर्निहित धाराएं थीं। इस वर्ष, पहली बार ईवीएम को मतदाता-सत्यापन पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) द्वारा 100% समर्थित किया गया।


पहले मतदान
फिर जलपान!
नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें
26 अप्रैल, 2024 को मतदान जरूर करें।
विवेक त्यागी
राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय व्यापार मंडल,
प्रदेश महासचिव महाराणा प्रताप सेना (वीर शिरोमणि)
प्रबंध निदेशक नई पीढ़ी समाचार पत्र एवं पत्रिका!


चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
SVEEP
गाजियाबाद
उत्थान समिति
UTTHAN SAMITI
(A RAY OF HOPE)
पहले मतदान
फिर जलपान
समय ये फैसले का आ गया है लौटकर
देश हित में तू वोट कर
निवेदक:-
सत्येन्द्र सिंह
(पर्यावरणविद्)
चेयरमैन उत्थान समिति


चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
SVEEP
गाजियाबाद
नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें,
पहले मतदान, फिर जलपान!
26 अप्रैल 2024 को मतदान जरूर करें
ललित जायसवाल स्वीप आइकन / चीफ वार्डन, सिविल डिफेंस, गाजियाबाद